'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 34 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# कांग्रेस ने गरीब का सदा वोट के लिए इस्तेमाल किया : नायब सैनी

**मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं से 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग आये गरीबी रेखा से बाहर : नायब सैनी**

**फरीदाबाद लोकसभा की पृथला विजय संकल्प रैली में बोले नायब सैनी - मोदी सरकार के कामों से बौखला गई है कांग्रेस**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पृथला में कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीबों का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस को गरीब की परवाह ना पहले थी और ना ही अब है। कांग्रेस ने तो गरीब को और गरीब करने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गाँधी ने 1970 में गरीबी हटाने का वादा किया, राहुल ने पिछली बार राजस्थान में गरीबी हटाने का झूठ बोला और और आज फिर गरीबी हटाने का झूठ बोल रहे हैं। 55-60 सालों के राज में कांग्रेस को कभी भी गरीब की परवाह नहीं थी, कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीब का इस्तेमाल किया। श्री सैनी ने कहा कि मोदी को गरीब के हित की चिंता है, इसलिए मोदी जी गरीब के चेहरों पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को मजबूत कर गरीबी रेखा से बाहर निकाला है।

फरीदाबाद की पृथला विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में हरियाणा का ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विकास ना हुआ हो। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई जिला भी नहीं बचा जिसमें 4 लेन रोड लोगों के रास्तों को सुगम ना बनाती हो। पहले दिल्ली से पृथला आने में चार-चार घंटे लग जाते थे, आज मात्र 20 मिनट में मैं खुद पृथला पहुंच गया, यह कमाल अगर हुआ है तो नरेंद्र मोदी और डबल इंजन की सरकार में हुआ है।

**मोदी जी एक्सपर्ट ड्राईवर और जनता उनके नेतृत्व में सुरक्षित : कृष्णपाल गुर्जर**

फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तथा केंद्र सरकार में राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जब से जनता ने देश की बागडोर मोदी जी के हाथ में सौंपी है और मुझे संसद में भेजा है, इन 10 सालों में देश में इतना विकास किया है कि देश और फरीदाबाद का नक्शा बदल गया है। 10 साल पहले फरीदाबाद में सड़कों की हालत खराब थी। 2014 के बाद मोदी, मनोहरलाल और नायब सिंह के आशीर्वाद से हमने नए-नए हाईवे बनाने का काम किया। मथुरा रोड को दिल्ली बॉर्डर से पलवल होडल तक जाम मुक्त करने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया, पलवल में पुल बनवाया।

भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि दिल्ली फरीदाबाद वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण करवाया। जेवर एयरपोर्ट तक जाने के लिए 1600 करोड़ की लागत से जेवर एक्सप्रेस-वे बनाया जायेगा, उसकी पूरी प्लानिंग हो चुकी है। फरीदाबाद, नोएड़ा, गाजियाबाद हाईवे का काम चल रहा है। इसके बनने के बाद नोएड़ा 8 मिनट और गाजियाबाद 25 मिनट में पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि 262 करोड़ की लागत से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। 350 करोड़ की लागत से फाटक फ्री करेंगे। दुधौला में 1000 करोड़ की लागत से स्किल यूनिवर्सिटी बनाई, हर साल हमारे 15000 बच्चों को स्किल्ड किया जाता है। श्री गुर्जर ने कहा कि 24 घंटे लाइट देने का काम भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किया है। गरीब की चिंता करने की बात हो, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव अग्रणी रहते हैं। गरीब के लिए 4 करोड़ पक्के आवास, 11 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला योजना के माध्यम से बहनों को गैस सिलिंडर, आयुष्मान योजना से 5 लाख का निशुल्क मेडिकल बीमा, 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को अनाज देने जैसे अनेक कल्याणकारी प्रयास, पीएम मोदी हर क्षेत्र में कर रहे हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि 2014 से पहले देश की इकोनोमी 11 वें नंबर पर थी। मोदी को कांग्रेसी कहते थे चाय बेचने वाला, गरीब का बेटा है। जनता ने उसी गरीब के बेटे को देश का प्रधानमंत्री बनाया। उसी गरीब के बेटे ने देश की अर्थव्यवस्था को 5 वें स्थान पर पहुँचाया। तीसरे टर्म में मोदी अर्थव्यवस्था को तीसरे पायदान पर पहुंचाएंगे यह मोदी की गारंटी है। श्री गुर्जर ने कहा कि वह छह विधानसभाओं में रैली कर चुके हैं। हर जगह से एक ही आवाज आ रही है कि इस बार कृष्णपाल गुर्जर 10 लाख से ज्यादा वोटों से जीतेंगे। उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा की जनता से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को हर एक वोट कमल पर डालकर मोदी को मजबूत करने का कार्य करना है।

**भाजपा सरकार ने पृथला के हर क्षेत्र का किया विकास : नयन पाल रावत**

पृथला के विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जो विकास से अछूता रहा हो । एक तरफ देश भक्तों की पार्टी भारतीय जनता पार्टी और एक तरफ भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए प्रधानमंत्री मोदी जरूरी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कृष्णपाल गुर्जर को इस बार 10 लाख से अधिक वोटों से जीताकर मोदी के पास भेजना है। इस मौके पर चन्द्र भाटिया के सुपुत्र रोहित भाटिया ने आज यहां भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उन्हें पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक नयनपाल रावत, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, दीपक मंगला, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं चरण सिंह तेवतिया, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, पूर्व ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सोहनपाल सिंह, जिला परिषद् के चेयरमेन विजय लोहिया, उप चेयरमेन धर्म चौधरी, पूर्व जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, सुखबीर मलेरना, सुनीता बघेल, बलदेव अलावलपुर, बिजेन्द्र नेहरा, दीपक डागर, हुकम सिंह भाटी, विनोद भाटी, कुलबीर देशवाल, मंडल अध्यक्ष हरीश धनखड़, पवन चौधरी, भूपेन्द्र रावत, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू ठाकुर, पवन रावत, शोभित अरोड़ा, राजबाला सरधाना, मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता सीमा भरद्वाज, लखमी चन्द भरद्वाज और भाजपा कार्यकर्ता, गांवों के सरपंच, और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा में कौन हो सकते हैं कांग्रेस के लोकसभा कैंडिडेट ?

**फरीदाबाद से करण दलाल और गुरुग्राम से अभिनेता राज बब्बर का नाम आगे**

**पहले चरण की वोटिंग के बाद हरियाणा की सूची आने की उम्मीद**

**सात सीटों पर साफ हुई तस्वीर, दो सीटों पर बचे सिर्फ दो-दो नाम**




**कांग्रेस के हरियाणा में संभावित प्रत्याशी**

अंबाला : वरुण मुलाना
करनाल : वीरेंद्र राठौड़
सोनीपत : सतपाल ब्रह्मचारी
रोहतक : हुड्डा परिवार से कोई
भिवानी : राव दान सिंह
हिसार : बृजेन्द्र सिंह
सिरसा : कुमारी सैलजा
गुरुग्राम : राज बब्बर/कैप्टन अजय यादव
फरीदाबाद : करण दलाल/महेंद्र प्रताप

बाकी सीटों पर कांग्रेस हाईकमान की मुहर लग चुकी है। पहले चरण की वोटिंग के बाद कांग्रेस के उम्मीदवारों का ऐलान हो सकता है। कुमारी सैलजा के मैदान में उतरने से सिरसा का मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है।

**समाचार गेट ब्यूरो**

हरियाणा में कांग्रेस ने दस में सात सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम लगभग तय कर लिए हैं, जिसमें पहले चरण की वोटिंग के बाद कांग्रेस पार्टी की तरफ से हरियाणा के कैंडिडेट के नाम घोषित किए जाने के आसार हैं। सूत्रों के मुताबिक सिर्फ दो सीटों पर अंतिम फैसला आना बाकी है। फरीदाबाद की लोकसभा सीट से करण दलाल का नाम आगे चल रहा है तो वहीं गुरुग्राम से राज बब्बर के नाम की चर्चा है। कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनॉरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोऑर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल लुकमान रमीज के अनुसार करण दलाल के नाम की चर्चा इसलिए भी है क्योंकि वह जाट बाहुल्य के साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदाय के वोट पर भी अच्छी पकड़ रखते हैं, और कांग्रेस इस बार फरीदाबाद से कोई रिस्क नहीं लेना चाहती।

हरियाणा में कांग्रेस कैंडिडेट के नामों पर मंथन पूरा कर लिया गया है जबकि सिर्फ दो सीटों को छोड़कर बाकी की सीटों पर लगभग सहमति बन गयी है। कांग्रेस पार्टी के टिकट पर गुरुग्राम से फिल्म अभिनेता राज बब्बर चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि राज बब्बर के बारे मैं पहले मुंबई से चुनाव लड़ने की चर्चा थी लेकिन अब हरियाणा कांग्रेस की तरफ से उनके नाम को गुरुग्राम की सीट से प्रस्तावित किया गया है। गुरुग्राम लोकसभा सीट से सिर्फ दो ही नाम संभावितों में बताये जा रहे हैं, जिसके मुताबिक टिकट पाने की रेस में राजबब्बर का नाम सबसे आगे है, अगर वे चुनाव नहीं लड़ते तब कैप्टन अजय सिंह यादव को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। कैप्टन अजय यादव के नाम की चर्चा दूसरे नंबर पर इसलिए है क्योंकि पिछली बार वह राव इंद्रजीत सिंह के सामने गुरुग्राम से लड़े थे लेकिन हार गए थे। ऐसे में पार्टी ने राज बब्बर पर दांव खेलने का मन बनाया है।

राज्य में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। रोहतक सीट से दीपेंद्र हुड्डा के लड़ने की पूरी संभावना है अगर पार्टी रणनीति बदलती है तो उनके पिता भूपेंद्र हुड्डा या फिर उनकी मां आशा हुड्डा भी प्रत्याशी हो सकती है।

# कांग्रेस की नही चलेगी झूठ, बात बात पर झूठ बोल रहे दीपेन्द्र हुड्डा, जनता देगी जबाव : अरविंद शर्मा

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का झूठ अब नहीं चलेगा, जनता को यह पता चल गया है कि दीपेन्द्र हुड्डा हर मामले में झूठ बोल रहे है। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से लेकर विकास कार्यो तक को लेकर दीपेन्द्र हुड्डा झूठे आंकडे पेश कर रहे है। दस साल तक मुख्यमंत्री रहने के दौरान हुड्डा ने कोसली क्षेत्र के साथ भेदभाव किया है, जबकि भाजपा ने सबका साथ सबका विकास के साथ आगे बढ़ते हुए कोसली क्षेत्र में एम्स सहित कई बड़े प्रोजेक्टों की सौगात दी है, जिसके चलते आज कोसली क्षेत्र विकास के मामले में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोसली शहीद व जवानों की भूमि है और देश में कोसली ने हरियाणा का नाम रोशन किया है और प्रदेश के लोगों को कोसली पर गर्व है। उन्होंने दोहराया कि केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी और हरियाणा में दस की दस सीटों पर कमल का फूल खिलेगा।

वीरवार को भाजपा सांसद ने कोसली क्षेत्र के गांव माल्याकि, जिवडा, गुरावडा, गादला, कहनौरा, कन्होरी, उष्मापुर, भैरमपुर, बांस, सुर्खपुर, पहराजवास, चांग सहित अनेक गांवों में जनसम्पर्क अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में शिरक्त की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता को डरा कर, झूठ बोलकर और लोगों को गुमराह करके चुनाव जीतना चाहती है और कांग्रेस ही इस वक्त योजनाबद्ध तरीके से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों का विरोध करवा रही है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि इन्होंने चालबाजी, बोगस पोलिंग , बूथ कैपचरिंग , लोगों को डरा कर और गुमराह करके चुनाव जीते हैं, लेकिन अब यह लोग पकड़ में आ गए है, लेकिन अब ऐसा नहीं होंगे देंगे।

रोहतक लोकसभा क्षेत्र में सांसद निधि के खर्च को लेकर भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आखिर इतनी बड़ी झूठ दीपेन्द्र हुड्डा क्यों बोल रहे है, जबकि वे चार बार के सांसद है और उन्हें सांसद निधि के बारे में बेखूबी से पता है कि आखिर कितने रूपये खर्च हुए है, लेकिन झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने में हुड्डा लगे हुए है। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से करीब 16 करोड 75 लाख रूपये विकास कार्यो के लिए जारी किए है और इस बारे में अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से भी पता किया जा सकता है। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने आरोप लगाया कि सबको पता है कि आरक्षण दंगों में कांग्रेस सामने रही और कोरोनाकाल में कांग्रेस नेता छिपे रहे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान आखिर दीपेन्द्र हुड्डा कहां चले गए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर देश के लोगों को पूरा विश्वास है, क्योकि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकहित में ऐसे अनेक फैसले लिए है, जिसे विपक्ष ने सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने कहा कि पांच सौ वर्षों पुराना श्री राम मंदिर का निर्माण करवाना, जम्मू कश्मीर के अंदर धारा 370 को खत्म करना, महिलाओं को 33 प्रतिशत लोकसभा विधानसभा में आरक्षण देना, तीन तलाक को खत्म करना तथा देश की सुरक्षा को मजबूत करना सहित अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है, जिसके चलते आज देश के लोगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास बढ़ा है। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भी निशाधा साधा और कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन देश व प्रदेश की जनता विपक्ष के बहकावे में नहीं आएगी।




# पूर्व पार्षद कमल यादव के पारिवारिक समारोह में शामिल हुए लुकमान रमीज



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ से नगर निगम के पूर्व पार्षद कमल यादव के पारिवारिक समारोह में शामिल हुए कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनॉरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोऑर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल लुकमान रमीज। इस कार्यक्रम में बल्लभगढ़ फरीदाबाद की बहुत सी गणमान्य हस्तियों ने हिस्सा लिया। लुकमान रमीज ने कमल यादव और उनके परिवार को इस कार्यक्रम की बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है।

# कांग्रेस व आप के भ्रष्ट गठबंधन को सहन नहीं करेगी जनता : धनखड़

**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का भ्रष्टाचार की कच्ची नींव पर आधारित गठबंधन है। भ्रष्टाचार में लिप्त केजरीवाल सरकार देश की राजधानी में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहती है। दिल्ली प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने प्रदेश कार्यालय में मोर्चा पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि माननीय अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को कानूनी रूप से वैध ठहराया है। अब केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के लिए किस बात और कौन सी नैतिकता का इंतजार कर रहे हैं। श्री धनखड़ ने पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि दिल्ली के एक एक मतदाता तक केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खुलनी चाहिए।

**दिल्लीवासियों ने मोदी के विकास की गारंटी के साथ चलने का मन बनाया**

**दिल्ली प्रभारी धनखड़ ने ली मोर्चा पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक**

प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का देश के संविधान में कोई विश्वास नहीं हैं। कांग्रेस का एक परिवार अपने आप को देश और संविधान से बड़ा मानता है, वहीं इनके गठजोड़ का साथी अरविंद केजरीवाल आजाद भारत के इतिहास में पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है, माननीय अदालत कह रही हैं कि आप के खिलाफ ठोस सबूत हैं, फिर भी अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि त्याग पत्र नहीं दूंगा और जेल से ही सरकार चलाऊंगा। अरविंद केजरीवाल और उनके गठबंधन के साथी देश में किस प्रकार का लोकतंत्र और संविधान चाहते हैं। लोकतंत्र में जनता को यह बताना जरूरी है।




श्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कह रही है, कांग्रेस क्या शराब के घोटालेबाजों को बचाने को ही न्याय देने की बात कर रही है। शराब घोटालों में संलिप्त आम आदमी पार्टी राम राज्य की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी शराब घोटाला करे, उनको राम राज्य की बात करना शोभा नहीं देती । दूसरी तरफ दिल्ली की जनता ने पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार के विकास कार्यों को होते देखा है, गरीब कल्याण के कार्य होते देखे हैं, व्यवस्था परिवर्तन होते देखा है, भ्रष्टाचारियों को जेल के अंदर जाते देखा है। द्वारका एक्सप्रेस वे, केएमपी व केजीपी पर दौड़ते वाहन देख रहे हैं। कर्तव्य पथ पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित होते देखा है। प्रधानमंत्री संग्रहालय स्थापित होते देखा है। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक स्थापित होते देखा है। जी-20 सम्मेलन में दुनिया के अग्रणी 29 देशों के मुखियाओं को गांधी जी की समाधि राजघाट पर एक साथ नमन करते देखा है। धनखड़ ने कहा कि अब की बार भाजपा 400 पार, फिर से मोदी सरकार । बैठक में सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा सहित सभी मोर्चा के प्रभारी, सह प्रभारी, अध्यक्ष, महामंत्री और अभियान प्रमुख मौजूद रहे।

# सिंचाई विभाग के दफ्तर पर गमछा बांधने मामले में रोहतक कोर्ट में पेश हुए जयहिंद



**किसानों की समस्या के समाधान के लिए उठाया था कदम : जयहिंद**

**गमछा बांधने मामले में फिर पेश होंगे रोहतक कोर्ट में जयहिंद**

**रविवार 19 मई को पहरावर की जमीन पर मनाया जायेगा भगवान परशुराम महाजन्मोत्सव**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द रोहतक के सिंचाई विभाग में किसानों की आवाज उठाने के चलते एक्सन ऑफिस पर गमछा बाँधने की वजह से सुर्खियों में थे । इस गमछे का बांधने का कारण था किसानों की समस्या का समाधान न होना

जयहिंद वीरवार को रोहतक जिले कोर्ट दीपक यादव की अदालत में पेश हुए और दुसरे पक्ष ने अपनी गवाही भी दी जयहिंद शुक्रवार को फिर इसी मामले में कोर्ट में पेश होंगे

जयहिंद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि किसान बार-बार सिंचाई विभाग के चक्कर काट रहे थे लेकिन उनकी कोई सुन नहीं रहा था फिर वे किसान अपनी परेशानी लेकर उनके पास आये और वो फिर सिंचाई विभाग में एक्सइएन ऑफिस पर पहुचें एक अधिकारी के दफ्तर पर पहले ही ताला लगा हुआ था और कोई भी स्टाफ मोजूद नहीं था न तो उन्होंने किसी तरह की सरकारी काम में बाधा डाली न ही सरकारी सम्पति को नुकसान पहुँचाया है और न किसी के किसी भी तरह की कोई मारपीट की है किसान जो इतने दिनों से सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहे थे आला अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और किसानों की समस्या का समाधान करवाया।

जयहिंद ने कहा कि राजनीति से प्रेरित कुछ राजनीतिक लोगों ने ये केस दर्ज करवाया था और वो इस मामले में जज साहब के सामने भी अपना पक्ष रख चुके है इससे पहले वे इसी मामले में जेल भी जा चुके है गाँव के सरपंच और पूर्व फौजी सहित किसान उनके पास आये थे और सिंचाई विभाग में उनके साथ गये थे वहां कर्मचारियों और अधिकारीयों का आपसी झगड़ा था जिससे किसानों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा था इस तरह के केसों से वो डरने वाले नहीं है दर्जन भर केस जनता की आवाज उठाने के कारण चल रहे है उसी में ये केस भी है। इस मौके पर एडवोकेट मदन लाल, एडवोकेट दीपक सिसोदिया, एडवोकेट सिद्धार्थ बजाज, मुनिपाल अत्री मोजूद रहे

**रविवार 19 मई को पहरावर की जमीन पर मनाया जायेगा भगवान परशुराम महाजन्मोत्सव**

इस मौके पर जयहिंद ने ये भी बताया कि सभी 36 बिरादरी के भाईचारे के साथ मिलकर भगवान परशुराम महाजन्मोत्सव रविवार 19 मई को मनाया जायेगा और इस मौके पर देशी घी का भंडारा का आयोजन भी किया जायेगा जल्द भी वे 36 बिरादरी के भाईचारे का चूल्हा न्योत का निमन्त्रण देना भी शुरू करेंगे जयहिन्द ने बताया पहरावर की जमीन आखिरकार प्रशासन ने समाज के नाम कर दी गई है यह जीत फरसाधारी, मुंडन धारी व 36 बिरादरी के भाईचारे की है जो पिछले 2 साल से दिन-रात समाज के लिए काम कर रहे हैं, तन-मन-धन अपना निछावर कर रहे हैं चाहे वह 2 मिनट ही क्यों न दे रहे हो।

# इनेलो ने 28 वर्षीय मजहबी सिख बाल्मिकी समुदाय से युवा सरदार गुरप्रीत सिंह को बनाया अंबाला लोकसभा से उम्मीदवार

**सिख समुदाय ने इनेलो पार्टी का जताया आभार कहा अंबाला लोकसभा क्षेत्र से सभी पार्टियों ने सिख समुदाय की अनदेखी की है, यह पहली बार है कि इनेलो पार्टी ने सिख समुदाय का महत्व समझते हुए उन्हें टिकट दिया है, अंबाला से जीता कर भेजेंगे**

**22 अप्रैल को बाकी बचे 7 उम्मीदवारों की विधिवत घोषणा कर दी जाएगी और उस समय सभी दस के दस उम्मीदवार मौजूद रहेंगे**

**सभी को पता है कि नवीन जिंदल और सुशील गुप्ता बहुत बड़े पूंजीपति हैं और यह नौटंकी सिर्फ गरीब और भोलेभाले किसान और मजदूर के वोट लेने के लिए की जा रही है : अभय सिंह चौटाला**

**किसान आंदोलन के समय दोनों कहां थे? गुप्ता 6 साल राज्यसभा के सदस्य रहे वहां उन्होंने एक बार भी किसानों का मुद्दा नहीं उठाया, कभी खेत में जाकर नहीं देखा, गुप्ता को जौं और गेहूं के खेत में खड़ा करके पूछोगे तो वो जौ और गेहूं में अंतर नहीं बता पाएंगे**

**वहीं बीजेपी ने जो दस उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं उनमें से 6 तो उधार के हैं, 400 सीट जीतने का दावा करने वाली बीजेपी 200 सीट भी नहीं जीत पाएगी।**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 18 अप्रैल।** इनेलो ने वीरवार को अंबाला लोकसभा से अपने उम्मीदवार की घोषणा करते हुए सरदार गुरप्रीत सिंह को पार्टी का उम्मीदवार बनाया। 28 वर्षीय युवा सरदार गुरप्रीत सिंह हैं पेशे से वकील हैं और मजहबी सिख बाल्मिकी समुदाय से संबंध रखते हैं। गौरतलब है कि अंबाला लोकसभा सिख बहुल क्षेत्र है और यह पहली बार है कि किसी भी पार्टी द्वारा सिख समुदाय से किसी व्यक्ति को टिकट दी गई है। सिख समुदाय ने इनेलो पार्टी का आभार जताते हुए कहा कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र से सभी पार्टियों ने उनकी अनदेखी की है और यह पहली बार है कि इनेलो पार्टी ने सिख समुदाय का महत्व समझते हुए उन्हें टिकट दिया है। साथ ही सिख समुदाय ने इनेलो नेता को यह भरोसा भी दिलाया कि अबकी बार अंबाला से एक मात्रा किसान हितैषी पार्टी के प्रत्याशी को जीता कर भेजेंगे।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो पार्टी की तरफ से कुरूक्षेत्र लोकसभा से वे स्वयं उम्मीदवार हैं, हिसार से सुनैना चौटाला और अंबाला से सरदार गुरप्रीत सिंह समेत तीन उम्मीदवार मैदान मे आ चुके हैं। 22 अप्रैल को बाकी बचे 7 उम्मीदवारों की विधिवत घोषणा कर दी जाएगी और उस समय सभी दस के दस उम्मीदवार मौजूद रहेंगे।

अभय सिंह चौटाला ने कुरूक्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार नवीन जिंदल और आम पार्टी के सुशील गुप्ता पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि फसल की कटाई और मंडी में अनाज की बोरी ढोने का दिखावा करने से कोई किसान और मजदूर का हितैषी नहीं बनता। नवीन जिंदल और सुशील गुप्ता ऐसी नौटंकी करके किसान और मजदूर का अपमान कर रहे हैं। सभी को पता है कि नवीन जिंदल और सुशील गुप्ता बहुत बड़े पूंजीपति हैं और यह नौटंकी सिर्फ गरीब और भोले भाले किसान और मजदूर के वोट लेने के लिए की जा रही है। किसान आंदोलन के समय दोनों कहां थे? गुप्ता 6 साल राज्यसभा के सदस्य रहे वहां उन्होंने एक बार भी किसानों का मुद्दा नहीं उठाया। गुप्ता ने कभी खेत में जाकर नहीं देखा। सुशील गुप्ता को जौ और गेहूं के खेत में खड़ा करके पूछोगे तो वो जौ और गेहूं में अंतर नहीं बता पाएंगे। वहीं बीजेपी ने जो दस उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं उनमें से 6 तो उधार के हैं। 400 सीट जीतने का दावा करने वाली बीजेपी 200 सीट भी नहीं जीत पाएगी।



INDIAN NATIONAL LOKDAL

Registered Office: - # 80, Sector-9A, Chandigarh (UT) - 160009

Ref. No. INLD/...NA........ Date : 18/04/2024

Candidates selected by the INLD party for the ensuing General Election to Lok sabha from Haryana

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Kurukshetra | Ch. Abhay Singh Chautala |
| 2. | Hisar | Smt. Sunaina Chautala |
| 3. | Amabala (SC) | S. Gurpreet Singh |

Nachhattar Singh Malhan
Secretary

# सरकार व प्रशासन के लाख दावों के बाद भी फसल बेचने आये किसानों को नागरिक सुविधाएं नहीं मिल रही : विद्रोही

**समाचार गेट ब्यूरो**

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार व प्रशासन के लाख दावों के बावजूद भी अभी तक अहीरवाल क्षेत्र व हरियाणा के बहुत से भागों में सरसों व गेंहू फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद सूचारू ढंग से सहजता से नही हो रही है। किसानों को एमएसपी पर अपनी फसले बेचने में काफी दिक्कते आ रही है। विद्रोही ने कहा कि मंडियों में खरीदी फसल का उठान समय पर नही होने से अहीरवाल सहित पूरे हरियाणा में गेंहू व सरसों की

**प्रशासन, सरकार किसान का एक-एक दाना खरीदने का दमगज्जा तो मारते है, लेकिन एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जाये इस ओर कतई ध्यान नही है : विद्रोही**

सरकारी खरीद प्रक्रिया बहुत धीमी गति से चल रही जिससे किसानों को अपनी फसले बेचने में 2 से 3 दिन तक इस भयंकर गर्मी में भटकना पड रहा है। सरकार व प्रशासन के लाख दावों के बाद भी फसल बेचने आये



किसानों को नागरिक सुविधाएं नही मिल रही। एक ओर भयंकर गर्मी में मंडियों में छाया नही है, किसानों के लिए विश्राम का स्थान नही, पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था नही। किसानों के लिए शौचालयों का प्रबंध नही, खाने का नाम मात्र प्रबंध है। विद्रोही ने कहा कि सूचारू ढंग से खरीद व्यवस्था न होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गेंहू व सरसों फसल का एक-एक दाना क्रमशः 2275 व 5650 रूपये प्रति क्विंटल से खरीदने का दावा हवा-हवाई है। प्रशासन, सरकार किसान का एक-एक दाना खरीदने का दमगज्जा तो मारते है, लेकिन एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जाये इस ओर कतई ध्यान नही है। विद्रोही ने हरियाणा सरकार से मांग की कि जुमलेबाजी करने की बजाय गेंहू व सरसों को एमएसपी पर खरीदने की पुख्ता व्यवस्था हो। मंडियों में उठान व खरीद प्रक्रिया में तेजी लाई जाये, मंडियों में फसल बेचने आये किसानों को नागरिक सुविधाएं, भोजन, पानी, छाया का पर्याप्त प्रबंध किया जाये।

# जीएलपी स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र यादव को कड़ी सुरक्षा में किया अदालत में पेश, 5 दिन का पुलिस रिमांड

## डायरेक्टर की तलाश, सात आरोपी पहले हिरासत में

**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** कनीना में पिछले सप्ताह उन्हाणी के पास हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने जीएलपी स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र यादव को बुधवार को गिरफ्तार किया। आज कड़ी पुलिस सुरक्षा में उसे अदालत में पेश किया गया।

आरोपी हादसे के बाद फरार हो गया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए छुप गया था। आरोपित को पकड़ने के लिए टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। आरोपित को पकड़ने के लिए काफी मशक्कत करते हुए टीमों ने बुधवार आरोपित को रेवाड़ी के गांव बव्वा से पकड़ा। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

गुरुवार को कनीना स्थित एसडीजेएम मेनका सिंह की अदालत में जी एलपी स्कूल के मालिक राजेंद्र लोढ़ा को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत में 8 दिन का पुलिस डिमांड मांगा था। जिस पर अदालत ने 5 दिन का डिमांड मंजूर किया है।

**स्कूल बस हादसे में 7 आरोपी हो चुके गिरफ्तार**

स्कूल बस हादसे में पुलिस ने अब तक सात आरोपितों को काबू किया है। इनमें बस चालक धर्मेंद्र वासी सेहलंग, स्कूल प्रिंसिपल दीप्ति वासी कनीना, होशियार सिंह वासी कनीना स्कूल के सचिव और सेहलंग के रहने वाले बस चालक के चार साथी निट्टू उर्फ हरीश, संदीप, भूदेव और नरेश उर्फ कालिया शामिल है। पुलिस इन सबको गिरफ्तार कर




न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। स्कूल बस चालक ने शराब का सेवन किया हुआ था, शराब के नशे में चालक बस चला रहा था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जांच करते हुए पता लगाया कि बस चालक ने सेहलंग में बस में अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी थी। टीम ने बस चालक धर्मेंद्र का लाइसेंस रद्द कराने के लिए आरटीए विभाग को लिखकर भेज दिया है।

**यह था स्कूल बस हादसे का पूरा मामला**

गत 11 अप्रैल को हुए हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई थी। स्कूल की कक्षा बारहवीं की घायल छात्रा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। छात्र ने बस चालक, स्कूल प्रिंसिपल और स्कूल प्रशासन के खिलाफ शिकायत दी। छात्रा ने बताया कि बस चालक शराब के नशे में था, जिसको बार-बार बस धीरे चलाने की कहने पर भी बस तेज चला रहा था।

उन्हाणी के पास बस पलट गई और पेड़ से टकराने पर बस में बैठे बच्चे घायल हो गए और कुछ की मौके पर ही मौत हो गई। गांव खेड़ी तलवाना में बच्चों के परिजनों ने बस चालक के शराब के नशे में होने के कारण बस की चाबी ले ली ली थी और इस बारे में स्कूल प्रशासन से बात करने पर स्कूल प्रशासन ने अंजाम भुगतने को धमकी दी, जिसके बाद यह हादसा हो गया। स्कूल बस में कोई हेल्पर नहीं था और ना ही कोई महिला कर्मचारी नियुक्त थी।

**प्रिंसिपल दीप्ति यादव व सचिव होशियार सिंह को कोर्ट में किया पेश**

स्कूल बस हादसे के मामले में सिटी थाना पुलिस ने स्कूल प्रिंसिपल दीप्ति यादव व स्कूल शिक्षा समिति के सचिव होशियार सिंह को पांच दिन के पुलिस रिमांड के बाद मंगलवार को दोबारा कोर्ट मे पेश किया। इन दोनों आरोपितों को 12 अप्रैल को सड़क दुर्घटना के बाद गिरफ्तार किया था, जो पांच दिन के पुलिस रिमांड पर थे। कोर्ट ने दोनों आरोपितों को 26 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस आरोपियों से सख्ती के साथ पूछताछ कर रही है। स्कूल का डायरेक्टर जो चेयरमैन का पुत्र भी है अभी पुलिस पकड़ से बाहर है।

# एंटी नारकोटिक्स सेल होडल पुलिस ने 3 किलो 260 ग्राम गांजा मादक पदार्थ सहित एक तस्कर धरा

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी डॉ० अंशु सिंगला, आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल होडल पुलिस ने एक तस्कर को गांजा मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।



एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 17 अप्रैल 2024 को स्टॉफ में तैनात एसआई महाबीर के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों पर रोकथाम अभियान तहत थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत बावरी मोड होडल पर मौजूद थे कि मुखबर ने सूचना दी कि नगला उसर थाना कुरावली जिला मैन पुरी यु० पी० हाल किराये दार बामनी खेड़ा जिला पलवल गाजां वैचने का काम करता है जो आज भी गाजां का थैला लिये हुये डबचीक मोड ह॥-19 पर अपने गाव बामनी खेड़ा जाने के लिये वहीकल की इन्तजार में खड़ा है। सूचना के आधार पर टीम ने दबीश देकर उक्त युवक को काबू किया। नोडल अफसर श्री कुलदीप सिंह डीएसपी होडल के समक्ष आरोपी से मिले थैला की तलाशी मे नशीला पदार्थ 3 किलो 260 ग्राम गांजा मिला। बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना होडल में मामला पंजीबद्ध किया गया। आगामी जांच इकाई द्वारा आरोपी से बरामद मादक पदार्थ के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# होडल में बुधवार रात्रि को राम नवमी पर्व पर निकली गई मां काली झाकियां

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल में राम नवमी के पावन पर्व पर काली सेवा समिति द्वारा हवन यज्ञ किया गया किया गया और माता काली के शस्त्र की पूजा भी की गई। देर रात्रि को माता काली सेवा समिति द्वारा बैंड बाजा के साथ माता काली की झाकियों के साथ और भी सुंदर सुंदर झाकियां निकली गई जिसमे होडल जगह जगह श्रद्धालुओं ने माता काली को भोग लगाया यह झाकियां बइसी मोहल्ला से लेकर पूरे बाजार से होती हुई बाइसी मौहल्ला पर जाकर समाप्त हुई माता काली सेवा समिति के हनुमान ने बताया की यह माता काली की सवारी हर वर्ष निकली जाति है इस मौके पर समिति के सदस्य हनुमान, प्रहलाद भारद्वाज, दुलीचंद, सतीश,



किशन सोरोत, जेके मित्तल, मोहनराम भारद्वाज सहित सभी काली सदस्य मौजूद रहे।

# वायरल हेपेटाइटिस भारत में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है- विषेशज्ञों का कहना

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** वायरल हेपेटाइटिस के मामलों में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस ए और ई बीमारी के एक्यूट रूप का कारण बनते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी सिरोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर सहित लंबे समय में लिवर रोग का कारण बनते हैं। विश्व लिवर दिवस (19 अप्रैल) से पहले, अमृता अस्पताल फरीदाबाद के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने कहा, हेपेटाइटिस बी संक्रमण अकेले भारत में सभी पुरानी लिवर बीमारियों में से एक तिहाई और 50% से अधिक सभी लिवर कैंसर रोगियों के लिए जिम्मेदार है। भारत में अधिकांश एक्यूट लिवर फेलियर का कारण हेपेटाइटिस ए है।





हेपेटाइटिस ए, बी और ई हेपेटाइटिस के कई रूपों में से हैं, जो सूजन संबंधी लिवर की बीमारियों का एक समूह है। हेपेटाइटिस ए और ई आम तौर पर खराब भोजन और पानी के माध्यम से बच्चों और वयस्कों को प्रभावित करते हैं, जिसके कारण तेजी से लिवर पर सूजन आती है, जबकि हेपेटाइटिस बी ज्यादातर वयस्कों को प्रभावित करता है और इसकी दीर्घकालिकता और लिवर कैंसर से जुड़े होने के कारण यह सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण बोझ डालता है।

हेपेटाइटिस ए (एचएवी) मुख्य रूप से 19 वर्ष से कम उम्र के लोगों को प्रभावित करता है, जबकि हेपेटाइटिस ई (एचईवी) 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अधिक आम है। एचएवी से संबंधित क्लिनिकल रोग बच्चों में कम है, जबकि अतिसंवेदनशील किशोरों और वयस्कों में संक्रमण और बीमारी का खतरा अधिक होता है। एचईवी के विपरीत, एचएवी पुनरावर्तन का कारण भी बन सकता है। इसके अलावा, एचएवी के परिणामस्वरूप उपचार प्रक्रिया के दौरान लंबे समय तक कोलेस्टेसिस हो सकता है, जिससे खुजली, मिट्टी के रंग का मल और पीलिया में दूसरी बार वृद्धि जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इस प्रकार के हेपेटाइटिस का निदान और उपचार भी अलग-अलग होता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हाल ही में जारी ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2024 में ऐसे आंकड़े हैं जो भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। रिपोर्ट परेशान करने वाले तथ्य की ओर भी इशारा करती है कि हेपेटाइटिस की व्यापकता और प्रसार को रोकने में प्रगति के बावजूद, मृत्यु दर अभी भी बढ़ रही है क्योंकि केवल कुछ ही मरीज़ उचित निदान और उपचार का लाभ उठा पाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में वायरल हेपेटाइटिस का बोझ सबसे ज्यादा है।

अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. भास्कर नंदी ने कहा, भारत में, एचबीवी के संक्रमण के दो सबसे सामान्य तरीके मां से बच्चे में हॉरिजॉन्टल ट्रांसमिशन और वर्टिकल ट्रांसमिशन हैं, जो 60% से अधिक मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। अन्य महत्वपूर्ण संचरण मार्गों में असुरक्षित इंजेक्शन प्रथाएं, ड्रग्स नशीली दवाओं का दुरुपयोग, टैटू बनवाना और उच्च जोखिम वाला यौन व्यवहार शामिल हैं। उच्च जोखिम में वे लोग शामिल हैं जो आईवी दवाएं लेते हैं, आदिवासी हैं, एचबीवी रोगियों के साथ संबंध रखते हैं, डायलिसिस पर हैं, पेशेवर रक्त दाता हैं और जोखिम भरे यौन व्यवहार में संलग्न हैं। एचबीवी संक्रमण अक्सर सिरोसिस या पीलिया, जलोदर, वैरिसियल रक्तस्राव, या लिवर फेलियर जैसी जटिलताओं के रूप में प्रकट होने से पहले सालों तक पता नहीं चलता है। क्रोनिक एचबीवी संक्रमण लिवर कैंसर के आधे से अधिक मामलों और वार्षिक लिवर से संबंधित मौतों की एक महत्वपूर्ण संख्या में योगदान देता है, जो इसके सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभाव पर जोर देता है।


अध्ययनों के अनुसार, भारत में हेपेटाइटिस बी वायरस (एचबीवी) के लिए मध्यवर्ती स्थानिकता है, जिसमें 40 मिलियन वाहक और 2-4% का प्रसार है। यह वैश्विक एचबीवी पूल का 10-15% प्रतिनिधित्व करता है। 15-25% को सिरोसिस होता है, जो सिरोसिस के 20-30% मामलों और लिवर कैंसर के 40-50% मामलों के लिए जिम्मेदार होता है। हर साल, लगभग दस लाख नवजात शिशुओं को एचबीवी के आजीवन जोखिम का सामना करना पड़ता है। जनजातीय क्षेत्रों में 15.9% तक की इसका ज्यादा प्रसार देखा जाता है; यह विशेष रूप से लद्दाख (12.7%), अरुणाचल प्रदेश (21.2%), और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की जनजातियों (65% तक) के लिए है। डायलिसिस रोगियों में 5-13% सीरोपॉजिटिविटी दिखाई देती है। अपर्याप्त डेटा संग्रह के साथ, भारत को 2030 तक 90% एचबीवी कटौती के डब्ल्यूएचओ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एचबीवी को एक सतत सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में संबोधित करना चाहिए।

हेपेटाइटिस बी की रोकथाम में कई चुनौतियाँ हैं क्योंकि यह एक साइलेंट और अत्यधिक संक्रामक वायरस है। भारत में, संक्रमण आम तौर पर बचपन में होता है और निदान और उपचार के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों या चिकित्सा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ विशेष केंद्रों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, एचबीवी संक्रमण से सुरक्षा के लिए, व्यक्तिगत और सरकारी दोनों प्रयास आवश्यक हैं, जिनमें जागरूकता बढ़ाने और स्क्रीनिंग और उपचार सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए समय-समय पर परीक्षण, सार्वभौमिक टीकाकरण, सुरक्षित प्रथाएं और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल शामिल हैं।

इस बीच, हेपेटाइटिस ए वायरस संक्रमण भारत में बाल चिकित्सा लिवर रोग का सबसे आम कारण है। स्थिति की गंभीरता साधारण सबक्लिनिकल/क्लिनिकल तीव्र वायरल हेपेटाइटिस से लेकर तीव्र लिवर फेलियर तक हो सकती है। भारतीय उपमहाद्वीप में एक्यूट वायरल हेपेटाइटिस का 70-80%, बच्चों में होने वाले सभी एक्यूट लिवर फेलियर का 40-60% हेपेटाइटिस ए के कारण होता है। राष्ट्रीय अनुमान के अनुसार 2011-2013 के बीच हेपेटाइटिस ए संक्रमण के 44,663 मामले सामने आए थे।

अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के पीडियाट्रिक हेपेटोलॉजी एंड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की क्लिनिकल लीड और सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आरती पवारिया ने कहा, हेपेटाइटिस ए और ई का इलाज अधिकतर सपोर्टिव केयर से किया जाता है। एक्यूट लिवर फेलियर के मामलों में, मृत्यु का जोखिम 50-60% होता है, जिसमें एकमात्र बचाव इलाज अति आवश्यक लिवर ट्रांसप्लांट हो सकता है। ब्लीडींग को मैनेज करना और मसतिष्क-संरक्षण महत्वपूर्ण है, अपरिवर्तनीय लिवर फेलियर के मामलों में लिवर ट्रांसप्लांट आवश्यक है। एक्यूट लिवर फेलियर वाले सभी बच्चों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करने और शीघ्र प्रबंधन की आवश्यकता होती है। रोकथाम रणनीतियों में टीकाकरण (हेप ए, हेप बी), बिना पके या अस्वास्थ्यकर तरीके से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों से परहेज करना, सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करना, सीवेज निपटान के लिए स्वच्छता प्रथाओं में सुधार करना और नियमित रूप से हाथ धोने के माध्यम से व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना शामिल है।

हेपेटाइटिस ए का टीका, जो भारत में हैवरिक्स (किल्ड) या बायोवैक ए (क्षीण) के रूप में उपलब्ध है, अच्छी सुरक्षा प्रदान करता है। यह आमतौर पर छह महीने के अंतराल पर दो डोज़ में दिया जाता है, जो 20 साल या उससे अधिक समय तक चलने वाली प्रतिरक्षा प्रदान करता है। हालाँकि, वर्तमान में भारत में हेपेटाइटिस ई के लिए कोई व्यावसायिक रूप से उपलब्ध टीका नहीं है। हेपेटाइटिस ए के खिलाफ टीकाकरण महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वैश्विक मृत्यु दर के प्रमुख वैक्सीन-रोकथाम योग्य कारणों में से एक है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य में इसके महत्व को उजागर करता है।






## संपादकीय

# वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

18 वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं।

विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विप्क्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं। इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा।

# केमिकल मुक्त खाद्यान्न बहुत जरूरी : डॉ. राज नेहरू

### श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के स्किल फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर के तत्वावधान में हुआ सिम्पोजियम का आयोजन



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर राज नेहरू ने कहा कि केमिकल मुक्त खाद्यान्न बहुत जरूरी हैं। देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है, लेकिन भोजन को खाद और कीटनाशकों की भरमार से बचाना बड़ी चुनौती है। इसलिए देश में 10 हजार से भी ज्यादा स्टार्ट अप एग्रीटेक पर आधारित हैं। वह बृहस्पतिवार को स्किल फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा कृषि एवं उसके विविध आयाम विषय पर आयोजित सिंपोजियम में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कृषि संकाय के विद्यार्थियों से गुणवत्तापरक कृषि के व्यवसाय में आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आपार संभावनाएं हैं। विकसित देशों के सामने बड़ी चुनौती। उनके पास कृषि में काम करने वाले लोग नहीं है। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हमारे देश में कृषि को एक दायित्व के रूप में माना जाता था। प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना अन्न उगाएं। हमारा देश इसलिए सोने की चिड़ि्या कहलाया कि यहां बहुत अन्न पैदा होते थे और बाहर से भी लोग खरीदने आते थे। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि आक्रांताओं ने हमारे कृषि के सिस्टम को बिगाड़ा। किसानों पर टैक्स थोपे गए। हम उत्पादन करते थे, लेकिन ब्रिटिश सरकार उसे बाहर भेजती थी। लाल बहादुर शास्त्री जी ने अन्न क्रांति को बढ़ावा दिया। किंतु आज केमिकल और खादों का बहुत अधिक प्रयोग हो रहा है। किसान पारंपरिक व्यवथा से मॉडल व्यवस्था की ओर चले गए। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि जो हम खाते हैं, बहुत से केमिकल हम अपने अंदर ले लेते हैं। इससे बीमारियां होती हैं। यह बड़ी त्रासदी बनी हुई है। एक दशक में सुरक्षित खाद्यान्न की ओर रुझान बढ़ा है। देश में कृषि आधारित स्टार्ट अप बढ़ रहे हैं। विद्यार्थी गुणवत्तापरक अन्न उत्पादन के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।

अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि भारत की जनसंख्या दुनिया में सबसे ज्यादा हो गई है। 2070 तक इसके दोगुना होने का अनुमान है। इसलिए हमें अच्छे और अधिक अन्न की आवश्यकता होगी। इसके लिए तैयारियां अभी से जरूरी हैं। इससे पूर्व स्किल फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर के डीन प्रोफेसर जॉय कुरियाकोजे ने सिंपोजियम के उद्देश्यों और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आरपी मिश्रा, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. रेमंड माइल्स, डॉ. विजय अग्रवाल और अरब खान ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरीश कुमार ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर एके वाटल, डॉ. तेंजेद्र सिंह, डॉ. विकास राठी, डॉ. गीता, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, हेमंत त्रिपाठी, पुष्पेंद्र और ब्रह्मजीत के अलावा काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अनाज मंडी नूहँ पहुँचकर किसानों का हाल चाल जाना नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने

### अनाज मंडी नूहँ में नहीं है कोई किसानों की सुनें वाला।

### दुष्यंत चौटाला की किसानों को आईं याद।



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह से जेजेपी नेता नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने बुधवार को नूहँ अनाज मंडी में पहुँचकर किसानों हालतों का जायज़ा लिया और सुधार के लिए सरकार माँग की उन्होंने कहा है कि जेजेपी नेता नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने किसानों की परेशानियों को जाना और किसानों ने नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर को बताया कि उनकी फ़सल का भुगतान नहीं किया जा रहा है और फसल का समय पर उठान भी नहीं किया जा रहा है इसको सज्ञान लेते हुए नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से माँग की किसानों का भुगतान तुरंत प्रभाव से किया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर अनाज मंडी नूहँ में अव्यवस्थाओं को लेकर नाराज़ नज़र आए उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीते समय से गेहूं की फसल का उठाने नहीं हुआ है और ना ही भुगतान किया गया है किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए भी परेशानियों का सामना कर रहा है यही दर्शाता है कि बीजेपी की सरकार किसानों को जानबूझकर तंग कर रही नासिर हुसैन ने कहा है कि बीजेपी सरकार दावा कर रही है कि 72 घंटे में फ़सल ख़रीद का भुगतान किसानों को किया जा रहा है लेकिन वास्तविकता यह है कि 2 हफ्तों के बाद भी किसानों को भुगतान के लिए परेशान है पहले खाद्य बीज और बिजली और सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति बेजेपी सरकार नहीं कराती फिर फ़सल ख़रीद के पश्चात भुगतान के लिए तरसना पड़ता है नासिर हुसैन ने कहा है कि मंडी में गेहूं की उठान नहीं होने के कारण फ़सल सुरक्षित नहीं है अगर बारिश हुई तो सारी फ़सल बर्बाद हो सकती है जिससे किसानों की और आढ़तियों को आर्थिक नुक़सान की वजह बिना वजह झेलना पड़ सकता है इसलिए अधिकारियों को आग्रह किया है कि किसानों की फसल तुरंत उठाने करा कर किसानों को उनकी क़ीमत दे नासिर हुसैन ने अधिकारियों से आग्रह किया कर इसका तुरंत सामाधान करें नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने अनाज मंडी नूहँ पहुँचे और किसानों और व्यापारियों की समस्याएँ को उठा कर समाधान कराया जाये नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने कहा कि जब दुष्यंत सिंह चौटाला जी सरकार के हिस्सेदार थे 72 घंटे के अंदर किसानों की फ़सल की क़ीमत और उठाने में कोई समस्या नहीं थी दुष्यंत चौटाला होते हुए किसानों को साढ़े चार वर्षों में कोई समस्या नहीं हुई थी। इस मौके़ पर साकिर खान सालाहेडी नूहँ हल्का अध्यक्ष जावेद खान फ़िरोज़पुर झिरका हल्का अध्यक्ष इक़बाल ख़ान दूलोत ज़िला उपाध्यक्ष आफ़ताब अहमद हल्का अध्यक्ष बुद्धिजीवी राहुल सरपंच सलामू तसलीम मुडल आज़ाद भूदर आदि मौजूद रहे।

# पिछले कई वर्षों से अपने निजी कोष से दे रहे फुटपाथ पर लगे पौधों को पानी: समाजसेवी योगेंद्र ठाकुर



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** यूं तो लोग कई बार लोग अपने घर या दफ्तर बनवाने के लिए पेड़ों को कटवा देते हैं और फिर घर की साज सज्जा के लिए पौधों को लगाते हैं यह जानते हुए भी की पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलता है जो मानव जीवन क़ेलिए एक संजीवनी बूटी है तो वहीं पिछले कई वर्षों से योगेंद्र ठाकुर अपने निजी कोष से फुटपाथ पर लगे पौधों को पानी दे रहे हैं गर्मी के मौसम में चल चलती धूप में पौधे सूख जाते हैं और उन्हें पानी की आवश्यकता होती है ऐसे में वह वाटर सप्लाई द्वारा पानी मांगते हैं और पौधों को पानी देते हैं और यह कार्य वह पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं उनका कहना है कि वह एक किसान के बेटे हैं इसलिए वह एक-एक पौधे की कीमत को जानते हैं इस पुनीत कार्य में उनकी पूरी टीम उनका सहयोग करती है उनके साथ इस कार्य में भूपेंद्र,विजेंद्र और उनके साथ काम करने वाले तमाम वर्कर उनका पूरा सहयोग करते है।

# बच्चों के नि :शुक आई और स्वास्थ्य के लिए प्रोजेज रोशनी का शुभारंभ




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिला में सरकारी के बच्चों के नि:शुक आई और स्वास्थ्य के लिए प्रोजेज रोशनी का शुभारंभ किया गया, नेत्रम आई फाउंडेशन और हर्बलाइफ इंटरनेशन के द्वारा। प्रोजेक्ट रोशनी ने एक नई पहल शुरू की है जो हरियाणा के नूंह जिले में 1हज़ार बच्चों के स्वास्थ्य को समर्थित करने का उद्देश्य रखती है। इस पहल को नेत्रम आई फाउंडेशन और हर्बलाइफ इंटरनेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। प्रोजेक्ट रोशनी का मुख्य उद्देश्य है बच्चों की ज्यादा संख्या में जांच करके विभिन्न नेत्र रोगों को पहचानना और इलाज करना है। इस पहल के अंतर्गत हरियाणा के नूह जिले में 1हज़ार बच्चों की जांच की जाएगी। नेत्रम आई फाउंडेशन के फाउंडर डॉक्टर अंचल गुप्ता और कोषाध्यक सत्तन शर्मा / हर्बलाइफ इंटरनेशन के स्वेता झा ने कहा, हम इस पहल के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य को समर्थित करने का संकल्पी हैं। हम उन्हें सही समय पर नेत्र समस्याओं के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे और उनका इलाज सुनिश्चित करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रोजेक्ट रोशनी की यह शुरुआत बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और समाज के साथ मिलकर हमें इसमें सफलता प्राप्त करने की उम्मीद है।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर से वोटिंग का चुन सकते हैं विकल्प : जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वें लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि वे अपने एरिया में यह सुनिश्चित करें कि उनके गांवों में ऐसे कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं। भारत चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित वर्ग के जो मतदाता घर से मतदान करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनका घर से ही मतदान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि बीएलओ द्वारा युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल तक एक अप्रैल 2024 की आधार तिथि के अनुसार 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा अपना वोट बनवाकर आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में मतदान कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्तमान में वोट ट्रांसफर के लिए आवेदन किया जा सकता है, जिन मतदाताओं को अपने वोट अन्य स्थान पर ट्रांसफर करवाना है, वह भी चुनाव आयोग की वेबसाइट, या एप के माध्यम से या फिर जिला चुनाव कार्यालय या बीएलओ के पास ऑफलाइन मोड से निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन कर सकता है।

# रोड सेफ्टी को लेकर जगह-जगह बनाए गए गतिअवरोधक से बना हादसों का भय

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** स्कूल बस हादसे के बाद जिला प्रशासन की ओर से रोड सेफ्टि के नाम पर जगह-जगह गति अवरोधक बनवा दिए। जिनके संकेतक नहीं होने से इन स्पीड ब्रेकर से भी हादसे होने की संभावना बढ गई है। इसके अलावा जिस टूटी व खंडित सडक प्वाईंट पर छोटे-बडे सडक हादसे घटित हो चुके हैं,उसे अभी भी नजरअंदाज किया जा रहा है। कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाइवे नम्बर 24 पर दादरी मोड पर बुधवार को दो स्पीड ब्रेकर बनवा दिए,जबकि इनसे करीब 400 मीटर दूर इसी मार्ग पर उन्हाणी गांव के समीप से गुजर रही करीब 25 किलोमीटर लंबी रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन से टूटी सडक को आज तक ठीक नहीं किया गया है। जहां छोटे-बडे दर्जनों हादसों घटित हो चुके हैं। करोडों रूपये की लागत से इसे आरसीसी पक्का करने के साथ-साथ अटेली रोड़ से रेवाड़ी रोड़ तक अंडरग्राउंड किया जा चुका है। लेकिन लंबे समय से लीकेज साइफन को दुरूस्त नहीं किया गया है। जिसके पानी से सडक में गड्ढे बने हुए हैं। जिससे रोड सेफ्टि के दावे तार-तार हो रहे हैं। इस बिंदू को लेकर नहर तथा लोक निर्माण विभाग आमने-सामने हैं। नहर विभाग के अधिकारी लीकेज साइफन को ठीक करने की बजाय सडक मार्ग के चैडीकरण का बहाना बना रहे हैं जबकि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी नहर विभाग से साइफन को दुरूस्त करने के बाद सडक निर्माण करने की आस लगाए बैठें हैं।

नतीजतन आमजन परेशान है वहीं सडक हादसों को बढावा मिल रहा है। पुलिया लीकेज होने से सडक के दोनों ओर पानी जमा हो जाता है जो वाहनों के आवागमन के कारण दोनों ओर सडक पर पंहुच जाता है। वाहन चालकों डॉ.विजय शर्मा,मुकेश कुमार, सुनील कुमार,राहुल मित्तल, अशोक कुमार, कैलाशचंद,राजसिंह, नवीन,प्रताप सिंह ने लीकेज पुलिया को दुरूस्त कर सडक निर्माण की मांग की है। इस बारे में एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन को दुरूस्त करवाने तथा सडक निर्माण करवाने के लिए दोनों विभागों को लिखा गया है। रोड सेफ्टी को लेकर सडक को जल्द ही दुरूस्त करवाया जायेगा। बनाए गए स्पीड ब्रेकरों पर भी सफेद पट्टी लगाई जाएगी।

समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में

फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339505, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा मनाया हरियाणा मई दिवस इंडिया गठबंधन के उमीदवार को विजय बनाने का आह्वान किया

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**हिसार।** आज सयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा की राज्य स्तरीय कन्वेंशन सीटू कार्ययल पृथ्वी प्रभात भवन हिसार में की गई। जिसकी अध्यक्षता भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक के कृष्ण नैन, भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा सीटू से देसराज, भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा 1995 से आजाद मिरांन भवन निर्माण श्रमिक मण्डल हिसार विनोद दड़ौली ने की राज्य स्तरीय कन्वेंशन का संचालन कॉमरेड राममेहर सिंह और मनोज सोनी ने किया गया।

राज्य स्तरीय कन्वेंशन को संबोधित करते हुए भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा सीटू के राज्य अध्यक्ष सुखबीर सिंह, भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक के राज्य अध्य्क्ष धर्मवीर लोहान , भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा 1995 आईसीटीयू राज्य महासचिव राजेश चौबारा,भवन निर्माण श्रमिक मण्डल हिसार एटक से विक्रम सिंह ने सयुक्त रूप से बताया की भाजपा राज में पांच सालों से निर्माण मजदुरो को कोई भी सुविधा नही मिल रही है देश व प्रदेश की भाजपा सरकार झुठा प्रचार करके मजदूरों के साथ मजाक कर रहे है। भाजपा राज में मजदुरो के बोर्ड के करोड़ो रूपये खर्च करके अपने राजनैतिक फायदे के लिए बोर्ड के पैसों का दुरुपयोग करके झूठी वाहीवाही लूटने का काम कर रही है। जबकि साठे 4 सालो से भाजपा जजपा सरकार बोर्ड के पैसों पर कुंडली मारे बैठी रही। जो पैसा मजदुरो को देना चाहिये उस पर बेमानी ऑब्जेक्शन, फैमिली आई डी की शर्त लगाकर पंजीकरण व सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। इसलिए सयुक्त निर्माण मोर्चा हरियाणा भाजपा सरकार का चुनाव में विरोध करेगा क्योंकि इस सरकार ने बोर्ड में भ्रष्टाचार व निर्माण मजदुरो को धक्के खाने के अलावा कुछ नही दिया है । रोजाना बेमानी ऑब्जेक्शन व फैमिली आईडी की वजह से ना कोई पंजीकरण हो रहा ना सुविधा दी जा रही बल्कि ऑब्जेक्शन लगाकर सुविधा फार्मो को बड़े पैमाने पर काटा जा रहा है मजदुरो को मिलने वाले लाभ में नई नई शर्ते लगाकर रुकावट डाली जा रही हैं । दूसरी तरफ से दलालों को अधिकारियों की मिलीभगत से बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। आम मजदुरो को तीन तीन सालों तक सुविधा नही दी जा रही है बल्कि दलालों के एक दिन में फर्जी दस्तावेज होने के बाद भी पैसे डालने के सैकड़ों मामले सामने आए हैं बहुत बार शिकायते करने के बाद भी सरकार और श्रम कल्याण बोर्ड हाथ पर हाथ धरें बैठे है। प्रदेश सरकार ना तो महगाई बेरोजगारी व भ्रष्टाचार पर रोक लगाना चाहती है। बल्कि भ्रष्टाचार करने वालो को बचानें का काम किया जा रहा है । हरियाणा प्रदेश में 22 लाख से ज्यादा निर्माण का मजदूर कारीगर काम करता है । उनके लिए लंबे संघर्षों के बाद 2005 में निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड का गठन किया गया था। 18 साल बीत जाने के बाद भी बोर्ड में अभी तक आधे मजदुर भी पंजीकृत नहीं हुए हैं। जो सीधे तौर पर राज्य सरकार की कार गुजारी को दर्शाता है जहां एक तरफ प्रदेश के श्रम मंत्री व मुख्यमंत्री अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन दे कर यह दावा कर रहे हैं की मजदूरों के लिए करोड़ों रुपए राहत के तौर पर दिए गए, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है राहत देने की बजाय हर तरह के हथकंडे प्रदेश की सरकार मजदूरों को मिलने वाले लाभ को रोकने के लिए लगा रही है जिसको लेकर मजदूरों मे भारी गुस्सा नजर आ रहा है।




भाजपा सरकार जहाँ श्रम कानूनों को बदलकर कॉरपोरेट के हक में लेबर कोड बना रही है, वही मजदूरों के कल्याण बोर्ड में जमा पैसे पर भी सरकार की पैनी नजर है, अपने राजनीतिक हित साधने के लिए बोर्ड के पैसे के प्रयोग की मंशा दिखाई देती है। यही कारण है कि मजदूरों को मिलने वाले लाभ पर गैर जरूरी ऑब्जेक्सन लगाकर रदद् किये जा रहे हैं। मजदूरों का पंजीकरण नही हो पा रहा है। रोजाना कार्यस्थलों पर मजदूर काल का ग्रास बन रहे हैं, जिनको पंजीकरण के अभाव में कोई लाभ नही मिल रहा है।

मीटिंग में सयुक्त मोर्चा के नेताओ ने कहा कि राज्य स्तर पर लोकसभा हल्के के अनुसार सभी जिलो में कन्वेंशन करके प्रदेश भर में जनजागरण चलाया जायेगा। क्योकि इस सरकार में कई जिलो में साल भर से बोर्ड के अधिकारियों के पद खाली पड़े है, मजदूर धक्के खा रहे है उनकी कोई सुनने वाला नही है। ऐसी हालात में सरकार बोर्ड के करोड़ों रुपयों को अपनी राजनेतिक फायदे के लिए दुरुपयोग करके वाही वाही लूटना चाहती है जो मोर्चा क्भी होने नही देगा और सरकार की लगातार अनदेखी की वजय से मजदूरों के सामने विरोध के अलावा कोई रास्ता नही है। आज जनता मंहगाई बेरोजगारी से ताहि ताहि कर रही है। सभी सरकारी महकमो को पुंजिपतियो को कोडियो के भाव दिया जा रहा है। सरकार जात धर्म मन्दिर मस्जिद की लड़ाई में लगी हुई है। इसलिये जिसमे प्रदेश भर का निर्माण श्रमिक भाजपा राज में सालो से सुविधा ना मिलने व रोजाना दर दर की ठोकरे खाने पर सरकार ने मजबूर कर रखा है इसलिए आने वाली *1 मई को मजदूर दिवस मनाते हुए प्रदेश भर भवन निर्माण सयुक्त मोर्चा हरियाणा की सभी लोकसभा हल्के की कन्वेंशन करते हुए गांव गांव में लोकसभा चुनाव में भाजपा का विरोध करते हुए भाजपा सरकार को चेताया जायेगा कि सभी निर्माण मजदुरो को बोर्ड से सुविधा जारी करे। नही तो लोक सभा चुनाव में प्रदेश भर का 22 लाख निर्माण भाजपा का जमकर विरोध करेगा।

आज की कन्वेंशन में भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा सीटू, राज्य अध्य्क्ष सुखबीर सिंह, राज्य उपाध्यक्ष देसराज महासचिव राममेहर सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष मनोज सोनी, राज्य सचिव राजू बरवाला, कपूर सिंह, संदीप सिंह, ओमप्रकाश अनेजा, जगीर सिंह, सुमेर सिंह, रामकुमार रेवाड़ी शिवकुमार महाबीर सिंह, भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक से राज्य अध्य्क्ष धर्मबीर लोहान, महासचिव कृष्ण नैन, जोरा सिंह, रामोतार, विपिन कुमार बसई विजय सिरसा, भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा 1995 आईसीटीयू से राज्य अध्यक्ष आजाद सिंह मिरान, राज्य महासचिव राजेश चौबारा, जगतपाल गोरखपुर, बेगराज, रोहतास, भवन निर्माण श्रमिक संघ हिसार मण्डल एटक से प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह महासचिव विनोद कुमार, सूबे सिंह, बलजीत सिंह, पवन कुमार, वजीर सिंह इत्यादि नेताओं ने बातचीत रखी गई।

# स्कूल बस सडक हादसे में मारे गए निर्दोष छात्रों की भरपाई किसी भी सूरत में नहीं हो सकती : डॉ. जोशी

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झाडली व धनौंदा पंहुचकर जताई संवेदना

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी के समीप पिछले सप्ताह घटित स्कूल बस सडक हादसे में मारे गए निर्दोष विद्यार्थियों की भरपाई किसी भी सूरत में नहीं हो सकती। इस हादसे ने देश-प्रदेश के नागरिकों की संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। ये बातें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.एलसी जोशी ने बृहसतिवार को झाडली तथा धनौंदा के मृतक छात्रों के शोक-संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कही। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि अकाल मौत का ग्रास बने विद्यार्थियों को आतमिक शांति प्रदान करे तथा घायल विद्यार्थियों को शीघ्र ही स्वास्थ लाभ दे। हादसे से टूट चुके परिजनों को शक्ति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि सिस्टम में खामी की वजह से हादसा घटित हुआ। जिसके लिए बस चालक सहित स्कूल प्रबंधन पूरी तरह से जिम्मेवार है। खेडी गांव के ग्रामीण युवक अनु द्वारा बस चालक द्वारा नशा किए जाने की सूचना देने के बाद भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए। स्कूल के ऐसे लापरवाह कर्मचारियों तथा बस चालक के खिलाफ हत्या का मुकद्मा दर्ज किया जाना चाहिए। स्कूल बस हादसे में झाडली के दो सगे भाईयों समेत 4 तथा धनौंदा के 2 सहित 6 छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार इन छात्रों को शहीद का दर्जा देकर तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराए।



इस अवसर पर अखिल भारतीय विप्र महासंघ सेवा समिति के युवा अध्यक्ष विजय शर्मा, गौड ब्राहृण सभा नारनौल के वरिष्ठ सद्स्य राजकुमार कौशिक, राजेश शर्मा, प्रभाष छक्कड, श्री गौड सभा कनीना के प्रधान डॉ रविंद्र कौशिक, इंद्रलाल शर्मा पाथेडा, सचिव सुनील कुमार सहित संजय शर्मा, ताराचंद, राधेश्याम, राहुल, संदीप कुमार उपस्थित थे।

# नारनौल-कुरूक्षेत्र एनएच पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नारनौल-कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बृहस्पतिवार को 403वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता हंसकुमार सेहलंग ने की। उन्होंने कहा कि सरकार के आश्वासन के बावजूद यहां पर कट का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। नरेंद्र शास्त्री ने डबल इंजन सरकार को जनहित विरोधी बताया। जिनकी वजह से कट निर्माण कार्य अटका पडा है। धरना संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। ग्रामीण सरकार का विरोध भी करेगें। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, विजयपाल, सतपाल सिंह, रामकिशन, रणधीर पहलवान, मनीराम अत्री, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, लक्ष्मण सिंह,धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबे सिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेर सिंह हाजिर थे।




# कनीना मंडी में बृहस्पतिवार को 21795 क्विंटल गेहूं तथा 12748 क्विंटल सरसों की हुई खरीद

**कनीना मंडी में बृहस्पतिवार को 21795 क्विंटल गेहूं तथा 12748 क्विंटल सरसों की हुई खरीद**

**उठान कार्य के चलते आज शुक्रवार को नहीं काटे जाएगें किसानों के गेट पास**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** किसान की कड़ी मेहनत से पैदा की हुई गेहूं की फसल अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी है और खरीद के बाद भी गोदाम उपलब्ध नहीं होने के चलते खराब होने के कगार पर है। मंडी में व्यवस्था बनाने के चलते आज शुक्रवार को सरसों के लिए किसानों को गेट पास जारी नहीं किए जाएगें। कनीना की पुरानी अनाज मंडी में 21795 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। लेकिन एफसीआई द्वारा गेहूं रखवाने के लिए गोदाम उपलब्ध न करवाने के चलते मंडी में ही रखा गया है,मंडी में गेहूं का ढेर लगा हुआ है। पिछले तीन दिन से गेहूं की खरीद नहीं की जा रही है। परेशान किसानों ने एफसीआई के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। खरीद एजेंसी हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के खरीद अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि नयी मंडी में सरसों की खरीद सामान्य रूप से जारी है। बृहस्पतिवार को 12748 क्विंटल सरसों खरीदी गई है। 3700 क्विंटल का उठान किया गया। उन्होंने बताया कि सरसों का समर्थन मूल्य 5650 तथा गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि निर्धारित शेड्यूल के किसानों की सरसों खरीदी जा रही है। खरीदी गई सरसों के उठान एवं बचे हुए किसानों की सरसों खरीदन के चलते आज 19 अप्रैल शुक्रवार को किसानों को गेटपास जारी नहीं किए जाएगें।



# स्कूल बस हादसा : जीएल स्कूल के चेयरमैन को कोर्ट ने भेजा 5 दिन के पुलिस रिमांड पर



**अहम दस्तावेजों की की जायेगी बरामदगी**

**पनाह देने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी की जाएगी कार्रवाई : डीएसपी**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में कोसली रोड स्थित जीएल स्कूल बस हादसे के बाद फरार चल रहे स्कूल संचालक एवं चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढा को पुलिस ने गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश किया। पुलिस ने 8 दिन का पुलिस रिमांड मांगा था लेकिन कोर्ट ने 5 दिन के रिमांड को मंजूरी दी। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपी चेयरमैन से दस्तावेजों की जानकारी जुटाएगी। डीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि राजेंद्र सिंह लोढा को हादसे के सप्ताहभर बाद बव्वा,जिला रेवाडी से बीती देर सांय गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि बस चालक धमेंद्र वासी सेहलंग तथा जीएलपीएस स्कूल की प्राचार्या दीप्ती राव व जीएल शिक्षा समिति के सचिव होशियार सिंह को पुलिस ने पहले झटके में ही काबू कर लिया था। उसके बाद चालक के साथ बस में शराब पीने वाले हरीश, भूदेव, संदीप व नरेश कुमार को भी गिरफ्तार किया जा जा चुका है। अब तक इस मामले में स्कूल प्रबंधन के तीन सद्स्यों सहित 8 की गिरफ्तारी हो चुकी है। विद्यालय के एमडी सुभाष लोढा पुलिस पकड से बाहर हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें दबिश दे रही हैं। डीएसपी ने कहा कि जिस व्यक्ति ने राजेंद्र लोढा को पनाह दी है उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। ईधर प्रशासक नियुक्त करने के बाद जीएल स्कूल में चैथे दिन भी कोई विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने नहीं पंहुचा। प्रशासक डीटीपी महावीर प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में हाजिर हो रहा है लेकिन बच्चे नहीं आ रहे हैं। बस सुविधा का भी अभाव माना जा रहा है।

# मतदाता जागरूक्ता कार्यक्रम को लेकर महिला महाविद्यालय उन्हाणी में किया गया नुक्कड नाटक का मंचन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** निकट भविष्य में होने वाले लोकसभा चुनाव में अत्यधिक मतदान करने के उद्देशय से जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदाजा जागरूक्ता कार्यक्रम चलाया गया है। जिसके अंतर्गत अधिकारियों की टीम विभिन्न गावों में जाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही है। इसी कडी में राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में जागरूक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम सुरेद्र सिंह,नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुगल, प्राचार्य डॉ.विक्रम सिंह ने महाविद्यालय की छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एक-एक वोट की कीमत को उदाहरण देकर समझाया।

उन्होंने कहा कि छात्राएं न केवल स्वयं मतदान करेगीं बल्कि अपने परिजनों को भी मतदान केंद्र तक ले जाकर उनका मतदान कराएगीं। कानूनगो राजपाल की ओर से इस सम्बंध में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने अपनी बुद्धि कौशल का परिचय दिया। छात्रों ने मतदाता जागरूक करने की दिशा में मेरा पहला वोट देश के नाम नुक्कड नाटक का मंचन किया गया।

# दादा छाजुवीर आश्रम गुढा में हवन-भंडारा

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग स्थित गांव गुढा बस स्टैंड के समीप दादा छाजुवीर आश्रम में बृहस्पतिवार को हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। औमप्रकाश शर्मा द्वारा आयोजित इस समारोह में गांव के प्रबुधजनों ने हिस्सा लिया। सुबह 9 बजे आयोजित हवन में ग्रामीणों ने आहुति डाली तथा 11 बजे से शुरू किये गए भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया।






# किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है सरकार : टेकचंद शर्मा

**मोहना मंडी में किसानों व आढ़तियों ने मंडी गेट पर जड़ा ताला**

**नायब तहसीलदार, डीएफएसई, एसएचओ व मार्केट कमेटी का किया घेराव**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मोहना मंडी में फसल का उठान न होने से गुस्साए किसानों व आढ़तियों ने मंडी गेट पर ताला जड़ दिया। इतना ही नहीं बल्कि किसानों व आढ़तियों ने नायब तहसीलदार ओमकार, डीएफएससी सीमा शर्मा, एसएचओ रणवीर सिंह व मार्केट कमेटी सचिव ऋषि कुमार का घेराव किया और उन्हें जे फार्म पर पैमेंट देने की मांग करते हुए चौबीस घण्टे का अल्टीमेटम दिया। वहीं पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा ने आज मोहना मंडी का दौरा किया और किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा ने कहा है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पिछले दस दिनों से फरीदाबाद में रैलियों को संबोधित कर रहे है, उन्हें भाजपा प्रत्याशी की जीत की तो चिंता है, लेकिन उन्हें किसानों की कोई चिंता नहीं है। किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार कतई गंभीर नहीं है, यही कारण है कि मंडियों में किसानों की फसल के रखरखाव को लेकर कोई खास इंतजामात नहीं है, जिससे किसान खासे परेशान है।

उन्होंने बताया कि यह फसलों का सीजन चल रहा है, मंडियां गेहूं से लबालब है, माल की तुलाई का यहां कोई खास इंतजामात नहीं है, मंडी में भराई-ढुलाई के लिए लेबर तक नहीं है, जिसके चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हाल फिलहाल अकेले मोहना मंडी में लगभग दस लाख कट्टे भरे हुए है, जो कि लदान की बाट जोह रहे है और अभी तक मात्र 50 हजार कट्टे ही लदान हुए है, अगर यही गति चलती रही तो दो महीने में भी पूरी ढुलाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार व मार्केट कमेटी के अधिकारियों को हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि किसानों की फसल खराब न हो और उन्हें उनकी मेहनत का पूरा पैसा मिल सके।

पंडित टेकचंद शर्मा ने कहा कि शादी-ब्याह के सीजन में फसल की कीमत ही किसान का सहारा होती है, जबकि फसल की कीमत देने की प्रक्रिया तब तक शुरू नहीं होती,जब तक माल लदान होकर गोदाम में पहुंच जाती है । अत: आज किसान एक तरफ पैसे-पैसे के लिए मोहताज है और मौसम को लेकर चिंतित है वहीं सरकारी मशीनरी सत्ताधारी नेताओं को साथ भाजपा की जीत को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिखावे में माहिर हैं, एक तरफ स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर सम्मानित कर रही है जबकि किसानों के हक में स्वामीनाथन की सिफारिशों को आज तक लागू नहीं किया है।

पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने सरकार से मांग रखी है कि पेमेंट प्रक्रिया तुरंत बदलते हुए फसल मंडी पहुंचते ही (जे) फार्म भरते ही पेमेंट प्रक्रिया शुरू करके दो दिन के अंदर ही अदायगी होनी चाहिए साथ ही माल के उठान की प्रक्रिया तेज गति से चलानी चाहिए ताकि मंडी में और माल आसानी से पहुंच सके व मौसम कि मार से फसल सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर डा तेजपाल शर्मा, देवा सरपंच गदपुरी, अनुज भाटी, सुरेंद्र तंवर, मंडी प्रधान नरेश सौरौत, प्रेम तेवतिया, पूर्व प्रधान नथे में सरपंच, इंदरजीत, इंद्राज सिंह, हरिओम शर्मा सहित सैकड़ों किसान व आढ़ति मौजूद थे।

# खराब जीवनशैली कम उम्र में लोगों को बना रही फैटी लीवर का शिकार : डॉ. राम चंद सोनी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भागदौड़ भरी लाइफ और जंक फूड का अत्यधिक सेवन लोगों को कम उम्र में फैटी लीवर का शिकार बना रही है। इससे प्रति वर्ष लीवर संबंधित बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में 30 प्रतिशत तक वृद्धि हो रही है। इसमें सबसे ज्यादा फैटी लीवर व लिवर सिरोसिस बीमारियां से जूझ रहे युवा शामिल हैं। विश्व लिवर डे पर यह जानकारी ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. राम चंद सोनी ने दी। डॉ. सोनी ने मरीजों को जागरूक करते हुए बताया कि जंक फूड, रेस्टोरेंट का खाना, पैक्ड जूस, व्यायाम नहीं करना जैसे कारणों से फैटी लीवर के मरीज बढ़ रहे हैं। वहीं शराब का अधिक सेवन लिवर सिरोसिस का मुख्य कारण है। इसी तरह हेपेटाइटिस वायरस भी लीवर में सूजन पैदा करता है और लीवर को खराब करने लगता है। इस वायरस के सामान्यतया पांच प्रकार अभी तक सामने आए हैं- ए, बी, सी, डी व ई। इसमें बी व सी लंबे समय बाद सामने आते हैं जो लिवर कैंसर के कारण बनते हैं। इस बीमारी से निजात पाने के लिए हर दिन व्यायाम करना जरूरी है।

डॉ. राम चंद सोनी की माने तो हेपेटाइटिस बी का अभी उपचार उपलब्ध नहीं है। समय पर इलाज शुरू करने से इसकी रोकथाम की जा सकती है। यदि समय पर उपचार शुरू नहीं किया जाए तो आगे चलकर कैंसर व लीवर फेलियर हो सकता है। हेपेटाइटिस सी नियमित उपचार से ठीक हो सकता है। हेपेटाइटिस ए और ई से मरीज जल्दी ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में शराब का सेवन बढने.से लीवर की समस्या बढ़ रही है। ऐसा देखा गया है कि शराब का सेवन करने वाले युवक यदि मधुमेह के रोगी है और उनका वजन बढ़ रहा है तो समस्या तेजी से बढ़ती है। चिंता, तनाव, पर्याप्त व्यायाम के अभाव से हेपेटाइटिस का शिकार हो जाते हैं। लिवर में समस्या होने से हार्ट सहित अन्य रोग हो सकते हैं। समय पर बिमारी का इलाज नहीं करवाने पर लिवर फेल हो सकता है, जो घातक होता है, लेकिन समय पर इलाज मिल जाए तो लिवर को हुए नुकसान को ठीक किया जा सकता है। बीमारी के लक्षणों में लीवर में सूजन, सामान्य कमजोरी, भूख न लगना, हल्का बुखार, पीलिया शामिल है।

# जल्द से जल्द करे शेष बचे विभागों में नोडल अधिकारियों को नियुक्ति : अंकित कुमार




**नगराधीश ने कहा, सेवा मतदाताओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित है पोस्टल बैलट सिस्टम**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार नगराधीश अंकित कुमार की अध्यक्षता में आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विभिन्न विभागों के जिला नोडल अधिकारियों की चुनाव में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मतदान पर्व के भागीदार बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि बैठक में उपस्थित सभी जिला नोडल अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाना है। 2024 लोक सभा चुनावों को सबके आपसी सहयोग से सफल बना कर जिला की अच्छी और बेहतर छवि बनानी है। नगराधीश अंकित कुमार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया की सभी विभागों को एसेंशियल एंप्लॉयज जो मौके पर मौजूद रहेंगे। उनकी ड्यूटी को क्रॉस चेक करना है और आवश्यक सेवाओं की पहचान कर फॉर्म 12 डी भर कर आगामी सोमवार तक जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान नगराधीश ने कहा कि जिन विभागों में जिला नोडल अधिकारियों की नियुक्ति अभी तक नही हुई है। उन्हे जल्द से जल्द नियुक्त करें।

**इन विभागों को दी गई जिम्मेदारी, आवश्यक सेवा श्रेणी (एवीईएस) विभाग:-** भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, भारतीय खाद्य निगम, भारतीय रेलवे, प्रेस सूचना ब्यूरो दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, बिजली विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राज्य परिवहन निगम, अग्निशमन सेवा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, बीएसएनएल, पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ज्वाइंट कमिश्नर एमसीएफ गजेन्द्र सिंह, एसीपी अभिमन्यु गोयत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक क्रांति के तहत बताई गई आत्मबोध की महत्ता



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सतयुग दर्शन वसुन्धरा में आयोजित रामनवमी यज्ञ-महोत्सव में आज चतुर्थ दिन विभिन्न प्रांतों व विदेशों से असंख्य श्रद्धालुओं का आना जारी रहा। आज हवन आयोजन के उपरांत सत्संग में सजनों को सम्बोधित करते हुए श्री सजन जी ने कहा आत्मबोध मोक्ष प्राप्ति का सीधा व सरल साधन है। आत्मबोध से तात्पर्य आत्मा का यथार्थ ज्ञान प्राप्त कर (आत्मज्ञान) अपने शुद्ध चैतन्य स्वरूप का बोध यानि साक्षात्कार करने से है। अन्य शब्दों में समभाव समदृष्टि की युक्ति के अनुशीलन द्वारा आत्मा में निहित निज परमात्म स्वरूप परब्रह्म को जान लेना और जगत की हर शै में उसी आत्मस्वरूप के होने की प्रतीति करते हुए, जीवन के समस्त कार्यव्यवहार करते हुए, हर क्षण, हर पल, हर कृति में, हर अवस्था में, उसी आत्मानन्द अवस्था में बने रहना यही सच्चा आत्मबोध है। इस संदर्भ में वर्तमान युग में प्रचलित आत्मबोध के सीमित अर्थ से परिचित कराते हुए उन्होंने कहा कि आज के समयकाल में हरेक प्राणी 'मैं हूँ' इस शारीरिक भाव को अपने स्वभाव के अंतर्गत कर, अपना स्वसिद्ध असतित्व घोषित करने में लगा हुआ है। अपनी इसी स्वाभाविक स्वार्थपर मानसिक मनोवृतति के कारण वह अपने असतित्व के स्थूल पहलू यानि शारीरिक पहचान तक ही सीमित रह गया है और मिथ्या शारीरिक शक्ति, देहिक सुन्दरता, बुद्धिमत्ता, भौतिक संपतति/उपलब्धियों, सामाजिक महत्त्व आदि की प्राप्ति पर गर्व युक्त होकर अपने को अन्य लोगों से श्रेष्ठ समझने लगा है। उन्होंने कहा कि चाहे सामान्य लोक व्यवहार में सजनों ऐसा व्यक्ति औपचारिक शिष्टाचार में मान-सम्मान पाता हुआ, सफल और सयाना गिना जाता है परन्तु हकीकत में 'मैं' और 'मेरा' तक सीमित उसकी इस मनोवृतति ने उसके यथार्थ आत्मबोध को विकृत बना दिया है यानि उसे आत्मविस्मृति हो गई है और वह अपनी सहज बुराईयों व कमियों से अपरिचित हो, संकल्प कुसंगी को संगी बना उस पर फतह पाने में असक्षम हो गया है। इसी 'हौं-मैं' के कारण उसका मन एकाग्र, चित्त वृततियाँ शांत व ख़्याल अफुर नहीं हो पा रहा और वह आतमिक ज्ञान प्राप्त कर, आत्मबोध के सर्वोच्च एवं उत्कृष्ट स्वरूप का बोध नहीं कर पा रहा। याद रखो कि यह आज के इंसान की ऐसी अज्ञानमय अवस्था है जिसके दुष्प्रभाव से वह दुश्चरित्रता अपनाकर, परमार्थ के स्थान पर स्वार्थपरता का सिद्वान्त अपना अपना व सबका विनाश कर रहा है। श्री सजन जी ने आगे कहा कि इस हेतु सर्वप्रथम अपने मन में परमपद प्राप्ति की प्रबल इच्छा जाग्रत करो। जान लो जितनी यह इच्छा प्रबल होगी उतना ही आत्मानुभूति के लिए लालायित होकर निष्कामता से परमार्थ को अपनाने की ओर प्रेरित व प्रवृत्त होंगे। यहाँ आवश्यकता होगी सत्संग व सत शास्त्र का विचार एवं मनन करने की। मत भूलो कि शुष्क शब्दबोध से यानि वेद-शास्त्रों के मात्र अध्ययन/पठन से या उनके गायन एवं सुनने मात्र से कुछ नहीं होगा अपितु उन शब्द ब्रह्म विचारों का चिंतन कर उन्हें आचार-व्यवहार में लाना होगा और इस तरह सर्व में उस अपरोक्ष आत्मा की अनुभूति करनी होगी।

# लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिले में छह जून तक लागू रहेगी धारा 144

**जिलाधीश बोले, मतदान के लिए प्रलोभन या धमकी देना भी अपराध, होगी कार्यवाही**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा 18 अप्रैल से 06 जून 2024 तक की अवधि के लिए जिला की सीमा के भीतर किया जारी किया गया है। यह आदेश 06 जून 2024 तक प्रभावी रहेगा। जिलाधीश ने बताया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसी के मद्देनजर कई विध्वंसक ताकतें/कार्यकर्ता अपने भयावह मंसूबों के साथ सक्रिय होंगे। जो जिला के भीतर शांति को अस्थिर करने का प्रयास करेंगे और अनधिकृत रैलियों, धरनों के आयोजन की योजना बनाकर और अन्य आंदोलन के तरीकों का सहारा लेकर आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों/निर्देशों का उल्लंघन करने का प्रयास करेंगे। जबकि, पूरी आशंका है कि ऐसे समूह बाधा उत्पन्न करके परेशान करेंगे। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा की कानूनी रूप से सार्वजनिक शांति और अमन-चैन को न भंग करना व दंगों और झगड़े के कारणों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जिससे आगामी लोकसभा चुनावों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के निर्देशों/दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों और सभी व्यक्तियों द्वारा इन नियमों और शर्तों का पालन किया जाएगा। कोई भी पार्टी या उम्मीदवार या व्यक्ति ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होगा जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकता है या आपसी नफरत पैदा कर सकता है या विभिन्न जातियों और समुदायों, धार्मिक या भाषाई लोगों के बीच तनाव पैदा कर सकता है। अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना, जब की जाएगी, उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित रहेगी। पार्टियों और उम्मीदवारों को निजी जीवन के उन सभी पहलुओं की आलोचना से बचना चाहिए जो अन्य पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं की गतिविधियों से जुड़े नहीं हैं। असत्यापित आरोपों या विरूपण के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना से बचना चाहिए। वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक भावनाओं की अपील नहीं की जाएगी। मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में नहीं किया जाएगा। जुलूस का आयोजन करने वाली पार्टी या संयोजक या व्यक्ति पहले से ही जुलूस शुरू होने का समय और स्थान, पालन किए जाने वाले मार्ग और जुलूस समाप्त होने का समय और स्थान तय कर लेंगे। कार्यक्रम से विचलन पर सामान्य होगा इसके अलावा आयोजकों को कार्यक्रम की पूर्व सूचना स्थानीय पुलिस अधिकारियों को देनी होगीताकि वे आवश्यक व्यवस्था करने में सक्षम हो सकें। राजनीतिक दलों के सदस्यों या उनके नेताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पुतले ले जाना, ऐसे पुतलों को सार्वजनिक रूप से जलाना और ऐसे अन्य प्रकार के प्रदर्शनों को किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा करना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भारतीय नौसेना के लिए मूल्यांकन केंद्र-स्पेस का किया उद्घाटन



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** डॉ. समीर वी कामत, रक्षा विभाग (आरएंडडी) के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष, ने आज केरल के कुलमावु में अंडरवॉटर एकॉस्टिक रिसर्च फेसिलिटी में एक नवीनतम स्थिति-के-आधारित सबमर्सिबल प्लेटफ़ॉर्म (एसपी) का उद्घाटन किया। इसे डीआरडीओ के नौसेना भौतिक और महासागरीय प्रयोगशाला ने डिज़ाइन किया है, जो भारतीय नौसेना के लिए विभिन्न प्लेटफ़ॉर्मों पर निर्धारित सोनार प्रणालियों का मूल्यांकन और परीक्षण करने के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में काम करेगा।

स्पेस नौसेना प्रौद्योगिकी प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसमें दो अलग-अलग संयोजन शामिल होंगे- एक प्लेटफ़ॉर्म जो पानी की सतह पर तैरता है, और एक सबमर्सिबल प्लेटफ़ॉर्म जिसे विंच सिस्टम का उपयोग करके 100 मीटर तक किसी भी गहराई तक उतारा जा सकता है। परिचालन पूरा होने पर, सबमर्सिबल प्लेटफॉर्म को विंच किया जा सकता है और फ्लोटिंग प्लेटफॉर्म के साथ डॉक किया जा सकता है। स्पेस का उपयोग मुख्य रूप से संपूर्ण सोनार प्रणाली के मूल्यांकन के लिए किया जाएगा, जिससे सेंसर और ट्रांसड्यूसर जैसे वैज्ञानिक पैकेजों की त्वरित तैनाती और आसान रिकवरी उपलब्ध होगी। यह आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग करके वायु, सतह, मध्य जल और जलाशय तल मापदंडों के सर्वेक्षण, नमूनाकरण और डेटा संग्रह के लिए उपयुक्त होगा। यह आधुनिक और अच्छी तरह से सुसज्जित वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में डेटा प्रोसेसिंग और नमूना विश्लेषण की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ पनडुब्बी रोधी युद्ध अनुसंधान क्षमताओं के एक नए युग की भी शुरुआत करेगा।

# अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के इंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा विश्व विरासत दिवस का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविधालय में आज 18.04.2024 को इतिहास विभाग के इंटैक यंग हैरिटेज क्लब के तत्वावधान में विश्व विरासत दिवस का आयोजन अंतर्गत एक डाक्यूमेंटरी विद्यार्थियों को दिखाई गई। विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को अपनी अनमोल धरोहर, स्मारकों व ऐतिहासिक स्थलों के सरंक्षण के उद्देश्य से यह डॉक्यूमेंटरी विद्यार्थियों को प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डा० संजीव कुमार गुप्ता जी की सद्प्रेरणा से हुआ।

सर्वप्रथम प्राचार्य डा० संजीव कुमार गुप्ता जी ने अपने वकतव्य में कहा कि विश्व विरासत दिवस 18 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाया जाता है और इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के सरंक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। इतिहास विभागाध्यक्ष डा० जय पाल सिंह ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को बताया कि इस साल विश्व विरासत दिवस 2024 का विषय विविधता की खोज करें और अनुभव करें है। यह विषय हमारे इतिहास की समृद्धि को उजागर करता है यह हमें विभिन्न समुदायों की अनूठी विरासत व धरोहर का पता लगाने और उसकी सराहना करने की भी याद दिलाता है। विद्यार्थियों को नालंदा विश्वविद्यालय और हडप्पा नगरीय सभ्यता से संबंधित दो डॉक्युमेंटरी दिखाई गई जिसमें उन्होंने अपनी प्रचीन विशाल विरासत को समझा और इसकी महत्वता को जाना। अंत में डॉ० सुप्रिया ढांडा ने विद्यार्थियों को अपनी गौरवमयी संस्कृति और धरोहर को संरक्षित रखने का सकल्प दिलवाया और प्राचीन इमारतों और स्मारकों को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचाने की शपथ भी दिलवाई।

# संदीप रेड्डी वांगा ने आदिल हुसैन को दिया पलटवार जवाब

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** एनिमल फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने एक्टर आदिल हुसैन की कबीर सिंह करने का अफसोस वाली टिप्पणी का उत्तर दिया है। आदिल कबीर सिंह फिल्म में नजर आए थे। उन्होंने हाल ही में एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्हें इसके लिए पछतावा है। संदीप रेड्डी वांगा ने इस बयान पर क्या कहा, इसका जवाब दिया है।

आदिल हुसैन के दावे के बाद, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी प्रतिक्रिया जताई। सोशल मीडिया पर उन्होंने एक कड़ा जवाब दिया। उन्होंने आदिल के बयान की निंदा की और ट्विटर पर लिखा, 30 फिल्मों में आपके भरोसे ने आपको उतना फेम नहीं दिलाया, जितना एक ब्लॉकबस्टर फिल्म में आपके अफसोस ने दिलाया। उन्होंने इसके साथ आदिल के वो क्लिप भी साझा किया, जिसमें वह इंटरव्यू दे रहे हैं।

आदिल हुसैन ने क्या कहा था ?

आदिल हुसैन ने एपी पॉडकास्ट में स्वीकार किया कि कबीर सिंह उनके करियर की एकमात्र फिल्म है, जिसे उन्होंने बिना स्क्रिप्ट या



ऑरिजनल फिल्म अर्जुन रेड्डी देखे बिना किया। अर्जुन रेड्डी में विजय देवरकोंडा तो कबीर सिंह में शाहिद कपूर लीड रोल में थे। सीनियर एक्टर ने खुलासा किया, मै तब किसी और काम में बिजी थी, जब मुझे इस फिल्म का ऑफर आया था। मैं ये फिल्म नहीं करना चाहता था, इसलिए मैंने अपने मैनेजर से कहा कि ज्यादा पैसे मांग लो, ताकि वो खुद मना कर दें, लेकिन वो तैयार हो गए। मैंने फिल्म का जो सीन किया, वो अच्छा था, इसलिए मुझे लगा कि फिल्म भी अच्छी होगी, लेकिन जब मैं अपने करीबी के साथ थिएटर गया तो बहुत शर्मिंदा हुआ। हम दोनों 20 मिनट भी वहां नहीं बैठ सके। मैं अपनी बीवी को भी ये फिल्म देखने के लिए नहीं कह सका, क्योंकि वो नाराज होतीं।

# राम जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बुधवार शुक्ल पक्ष चैत्र रामनवमी का ये पर्व विश्व हिंदू परिषद (ब्रजमंडल)नूह द्वारा श्री राम जन्मोत्सव पर्व के रूप में खाटू श्याम मंदिर नूह के अन्य सभी मंदिरों में भी राम जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।मान्यता है कि शुक्ल पक्ष, चैत्र माह ,नवमी के दिन भगवान विष्णु ने भगवान श्री राम के रूप में राक्षसों का नाश करने के लिए अवतार लिया था।प्रभु राम राजा दशरथ और कौशल्या के घर अवतरित हुए थे। इसी खुशी मे रामनवमी का दिन पर्व के रूप पे मनाया जिसमे राम भगतो ने ॐ नाम के उच्चरण से श्री राम महामंत्र द्वारा जलाभिषेक और श्रीराम तिलक करके सभी भगतो ने श्री राम का आर्शीवाद प्राप्त किया। इसमें राम का गुणगान करते हुए भगतिमय भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। और भगवान श्री राम की अलौकिक



आरती करके आर्शीवाद लिया और श्री राम के जय घोष से सारा मंदिर का वातावरण राममय बना दिया। इसमें नेहा प्रांत संयोजिका दुर्गा वाहिनी, विश्व हिंदू परिषद जिला पालक, यतेंद्र जिला कार्यकारिणी, अंजना अग्रवाल जिला संयोजिका मातृशक्ति, नवीन शर्मा जिला सह सत्संग प्रमुख, देवेंद्र सैनी जिला सेवा प्रमुख, अमरनाथ संघ कार्यकर्ता, रेखा, बबीता, मधु, निर्मला, सहित काफी बहनें, भाई, राम भगत व धर्मप्रेमी और सत्संग प्रेमी शामिल हुए अन्य संगठन के कार्य कर्ता भी सम्मिलित हुए ।

# उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले बीडीपीओ अर्जुन मनराल को दी बधाई

**कहा, सर्वोच्च सिविल सेवा पद से आप देश व समाज सेवा के लिए उत्कृष्ट कार्य कर पाएंगे**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने अपने कार्यालय में वीरवार को केंद्रीय लोक सेवा आयोग 2023 की परीक्षा पास करने वाले खंड नगीना में बीडीपीओ के पद पर तैनात अर्जुन सिंह मनराल को फूल-बुके भेंट कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने अर्जुन मनराल को बधाई देते हुए कहा कि आपकी मेहनत व लग्न का परिणाम है कि आपको देश की सर्वोच्च सिविल सेवा पद पर काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ के पद





पर भी आपने प्रदेश के कई जिला में अपनी सेवाएं देकर ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नति में सहयोग किया है। अब यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद नि:संदेह आपको अच्छा पद मिलेगा और देश व समाज सेवा में आप तत्परता व उत्कृष्ट कार्य कर पाएंगे। बता दें कि भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में 553वां रैंक लाकर अर्जुन सिंह मनराल ने न केवल अपने माता-पिता का सर ऊंचा किया है, बल्कि काफी हद तक जिला नूंह व हरियाणा प्रदेश का नाम भी रोशन किया है, क्योंकि वह नगीना में 10 मई 2023 से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उत्तराखंड के अल्मोड़ा में जन्मे अर्जुन सिंह ने इससे पहले हरियाणा और उत्तर प्रदेश सिविल सेवा की परीक्षाएं भी पास की हैं।

अर्जुन सिंह के पिता आनंद सिंह मनराल व माता पुष्पा मनराल के अलावा उनकी एक बहन है। वो स्कूल-कालेज में भी हमेशा अव्वल रहे हैं। उन्होंने कालेज की पढ़ाई दिल्ली यूनिवर्सिटी के एसजीटीबी खालसा कालेज से की है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने भी अर्जुन सिंह मनराल को बधाई दी है।

# जिलाभर में मंडियों और खरीद केंद्रों पर 35609.20 मीट्रिक टन गेहूं व 28233.50 मीट्रिक टन सरसों की खरीद

**जिला की मंडियों में सरसों व गेंहू की खरीद जारी : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा**

**किसान अपनी फसल को मंडी में सुखाकर व साफ करके लाये**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नूंह जिला की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर अब तक 35 हजार 609.60 मीट्रिक टन गेहूं व 28 हजार 233.50 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। वहीं मंडियों में अभी तक 5809.60 मीट्रिक टन गेहूं और 12 हजार 816.19 मीट्रिक टन सरसों का उठान हुआ है। उन्होंने खरीद एजेंसियों को खरीद की गई और सरसों उपज के नियमित उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने बताया कि गेहूं फसल की खरीद प्रक्रिया में नूंह अनाज मंडी में 16657.40 मीट्रिक टन, तावडू में 2554.30 मीट्रिक टन, पुन्हाना में 15208.50 मीट्रिक टन, पिनगवां में 1071 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। उन्होंने सरसों खरीद की जानकारी देते हुए बताया कि नूंह अनाज मंडी में 1756.85 मीट्रिक टन, तावडू अनाज मंडी में 7847.45 मीट्रिक टन, फिरोजपुर-झिरका में 9929.10 मीट्रिक टन, पुन्हाना में 8700.10 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। उन्होंने दोहराया कि उठान कार्य प्रतिदिन होना चाहिए। ताकि मंडी में अपना उत्पाद लाने में किसानों को कोई परेशानी न हो।

# एटीएम व बैंकों में ग्राहकों को मतदान करने के लिए किया जा रहा जागरूक





**मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बैंक अधिकारी व कर्मचारी कर रहे ग्राहकों से मतदान की अपील**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा आम चुनाव के लिए 25 मई, 2024 को होने वाले मतदान में नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा व जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि चुनाव में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना है। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान बारे जागरूक करने के लिए जिला नूंह में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिला की सभी बैंक शाखाओं व एटीएम में पोस्टर चस्पा किए गए हैं, जिनके माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में 17 बैंकों की करीब 92 बैंक शाखाएं हैं, जहां पर बैंक ग्राहकों को मतदान की तिथि याद दिलाने तथा वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर चस्पा किए गए हैं। इन बैंकों में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की 32 शाखाएं भी हैं, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों को आवागमन रहता है। इन स्थानों पर पोस्टर, बैनर से मतदाता भी जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी बैंक अधिकारियों व प्रबंधकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी ब्रांच में बैंक कार्य से आने वाले ग्राहकों को लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि 25 मई के बारे में जानकारी दें और उनसे वोट डालने की अपील अवश्य करें, ताकि लोकतंत्र की मजबूती में भी मतदाता भागीदार बन सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस बार का थीम चुनाव का पर्व-देश का गर्व है, इसलिए नागरिकों के मताधिकार के प्रयोग के बिना यह पर्व अधूरा है। जनता को हर पांच वर्ष बाद यह अवसर मिलता है, इसलिए इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि प्रत्येक मतदाता बिना प्रलोभन व भय के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# डिपो होल्डरो को नहीं मिल रहा कमीशन, सीएम से लगाई गुहार



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला के राशन डिपो होल्डर वेलफेयर एसोसिएशन ने परिवार पहचान पत्र के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला के माध्यम से मुख्यमंत्री नायक सैनी को अपना मांग पत्र भेजा। उन्होंने कहा कि सभी 60 वर्ष वाले डिपो धारकों के लाइसेंस रिन्यू करने के आदेश 9 अप्रैल 2024 को महानिदेशक चंडीगढ़ द्वारा जारी किए गए। इस आदेश को जारी हुए लगभग 10 दिन हो गए लेकिन डीएफएससी अशोक रावत द्वारा अभी तक लाइसेंस रिन्यू नहीं किए गए हैं, जबकि हरियाणा के अन्य सभी जिलों में लाइसेंस रिन्यू की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

अगस्त 2023 का कमीशन आज तक किसी भी डिपो धारक को नहीं मिला है, इस विषय पर बार-बार विभाग को बताया गया है जबकि सरकार द्वारा विभाग को अगस्त 2023 का कमीशन बहुत समय पहले जारी किया जा चुका है। कुछ डिपो धारक जिनका कमिश्नर 31 दिसंबर 2022 से पहले का बकाया है जिसकी राशि 8 लाख 54 हजार के आसपास है आज तक बकाया नहीं मिला है। 5 अगस्त 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा राशन डिपो धारकों के कमीशन की राशि हर महीने बैंक खाते में आने का आदेश पारित किया था जबकि इस आदेश का आज तक कोई अनुपालन नहीं हुई है। राशन डिपो धारकों के पास सरकार द्वारा राशन हर महीने की 20 तारीख के बाद आता है जिससे राशन वितरण में कठिनाई होती है इसलिए राशन हर महीने की 10 तारीख तक पहुंचाया जाए ताकि राशन वितरण में डिपो धारकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो और नागरिकों को समय पर राशन मिल सके।

ज्ञापन पर प्रधान दिनेश कुमार खोरी, उप प्रधान उम्मेद सिंह, महासचिव नवीन कुमार रेवाड़ी, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार पाली, महासचिव देवेंद्र कुमार, कल्याण सिंह, भारत भूषण धारूहेड़ा, ईश्वर सिंह मीडिया प्रभारी, बृजेश जाटूसाना समेत काफी संख्या में डिपो धारक मौजूद थे।

# आज से शुरू होगा हनुमान जयंती उत्सव : पंडित श्रीचंद

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के छिप्पटवाड़ा सथित श्री राम सत्संग भवन में आज से विशाल हनुमान जयंती कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत होगी। कार्यक्रम की शुरुआत में सत्संग भवन से एक शोभायात्रा निकाली जायगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। शोभायात्रा में हनुमान जी को विराजमान किया जायेगा तथा जय श्री राम के नारों के साथ ध्वजा फहराते हुए श्रद्धालु शहर से होते हुए प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचेंगे वहां पूजा-अर्चना के बाद रामायण जी को रथ पर विराजमान किया जायेगा तथा भाड़ावास गेट, मोती चौक होते हुए रामायण जी को सत्संग भवन लाया जायेगा। शोभा यात्रा का शहर में जगह -जगह स्वागत किया जायेगा।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सत्संग भवन प्रमुख शिव चंद इष्टधारी ने बताया कि वह 1972 से हनुमान जयंती का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाते आ रहे हैं उस वक्त डाला गया बीज आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है तथा दूर-दूर से





श्रद्धालु इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचते हैं। हनुमान जयंती भक्तजन हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाते हैं । कार्यक्रम 19 अप्रैल से 23अप्रैल तक चलेगा। 19अप्रैल को झांकी यात्रा का आयोजन करके रामायण जी का शुभागमन का कार्यक्रम होगा। इस दिन इसके पश्चात रामायण जी पाठ प्राम्भ होगा। 20 अप्रैल को रामायण पाठपूर्ति होगी। 21अप्रैल को विशाल जागरण पंजाबी धर्मशाला में होगा। 22 अप्रैल को विशाल हवन व रोट का भोग श्री राम वाटिका तुर्कियावास रोड़ नहर के पास पर लगाया जाएगा और 23 अप्रैल को सर्वसाधारण के लिए पंजाबी धर्मशाला में विशाल भंडारा होगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से नए केवल आमजन की भगवान में व सनातन धर्म में आस्था बढ़ती है। बल्कि हनुमान जी की कृपा से सभी के जीवन के कष्ट भी दूर होते हैं। वही हमारे आने वाली पीढ़ियों को न केवल सनातन के बारे में बल्कि हमारे धार्मिक परंपराओं व संस्कार के बारे में भी पता चलता है। कार्यक्रम को लेकर राम भक्तो में खासा उत्साह है तथा देश कोने - कोने से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचना शुरू हो गए है।

# परिचित बनकर फोन-पे से 50 हजार रुपए ट्रांसफर कराने का आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए साइबर थाना पुलिस ने परिचित बनकर 50 हजार रुपए ट्रांसफर कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को आगामी पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



जांचकर्ता ने बताया कि गांव राजपुरा खालसा निवासी बिक्रम सिंह ने शिकायत में बताया था कि उसके पास 29 जनवरी 2023 को किसी परिचित का फोन आया की उसके रिश्तेदार को पैसों की जरूरत है इसलिए उसे फोन-पे पर 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर देना। इसके बाद उसने 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद शातिर ने फिर से 30 हजार रुपए और ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद उसने पड़ताल की तो पता चला कि उसके साथ किसी ने धोखाधड़ी की है। जिस पर पुलिस ने साइबर थाना रेवाड़ी में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में आरोपी जिला नूंह के गांव फिरोजपुर नमक निवासी मुस्तफा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी किए गए 50 हजार रुपए बरामद कर लिए है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# बार एसोसिएशन में वकीलों का हुआ मेडिकल चेकअप

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला बार एसोसिएशन में मेदांता हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 150 से अधिक अधिवक्ताओं का मेडिकल चेकअप किया गया। अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य लाभ देने एवं चेकअप करने के लिए यह निशुल्क कैंप मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम की ओर से आयोजित किया गया था। इस कैंप में अधिवक्ताओं के ब्लड प्रेशर, शुगर, मेडिकल परामर्श एवं हड्डियों की जांच की गई। अधिकांश अधिवक्ताओं में शुगर एवं बीपी की शिकायत मिली। जिसके लिए उन्हें



उचित परामर्श दिया गया। मेदांता अस्पताल की ओर से डॉक्टर एस के तनेजा, डॉक्टर निशांत कुमार, रमन गुप्ता मैनेजर राज, प्रिया, गुंजन, धर्मेंद्र, अजय, अजीत कुमार ने स्वास्थ्य कैंप में अपना विशेष योगदान दिया और वकीलों को खान-पान ठीक रखने का परामर्श दिया गया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव ने बताया कि अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर यह निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाए जाते रहे हैं, इसी कड़ी में आज भी कैंप लगाया गया था।

# चुनावी घोषणा पत्र के वायदे पूरे न करने पर राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवारों पर हो मामले दर्ज

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** राजनैतिक पार्टियों और निर्दलीय उम्मीदवारों के चुनावी वायदे, घोषणा पत्रों को पूरा ना करने पर उन्हें चुनाव अपराध की श्रेणी के अंतर्गत लिया जाए। यह कहना है वरिष्ठ अधिवक्ता कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट का। कॉमरेड सिंह ने बताया कि राजनेतिक दल और उम्मीदवार वोट बटोरने के लिए जो जनता के बीच वायदे करते है, सरकार बनने के बाद वायदा खिलाफी आम बात बन गई है जो



देश के मतदाताओं के साथ साजिशपूर्ण आपराधिक विश्वासघात है परंतु अभी तक किसी भी राजनेतिक पार्टी ने वादा खिलाफी को आपराधिक मामला मानने की बात को नहीं उठाया ।हर राजनेतिक पार्टी को यह अधिकार तो चुनाव आयोग ने दे दिया कि जनता के बीच जो चाहे वायदा करे परंतु सरकार में आने के बाद बेशक चुनावी वायदे के खिलाफ कार्य करे , उस बारे चुनाव आयोग की कोई रोक टोक नही है। कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि वायदा खिलाफी अपराधिक श्रेणी में आने से झूठे वायदों की झड़ी लगाने वाले दलों पर लगाम लगेगी और वायदा पूरा न करने की सूरत में जेल का रास्ता भी देखने के लिए तैयार रहना होंगा।

## आवश्यक सूचना

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड: जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव

## चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्सडॉटईसीआईडॉटजीओवीडॉटइन पर है सुविधा उपलब्ध

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** चुनाव आयोग ने चुनाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटरसडॉटइसीआईडॉटजीओवीडॉट इन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्ररूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

**डिजिटल कार्ड को ऐसे कैरे डाउनलोड**

राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल पर ईसीआईडाटजीओवीडाटइन पर विजिट करें, नए यूजर को पहले रजिस्टर करना होगा, अब ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें, इसके बाद ई-ईपीआईसी नंबर या फॉर्म रेफरेंस नंबर को दर्ज करें, अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा तथा इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड का विकल्प सामने होगा।

**चुनाव के दौरान लाइसेंस वालों को भी जमा करवाने होंगे हथियार**

जिलाधीश एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने लोकसभा के लिए होने वाले आम चुनाव को देखते हुए जिला के लोगों की सुरक्षा के लिए धारा 144 के तहत निर्देश जारी किए हुए हैं कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का हथियार अपने साथ नहीं रख सकता और ये आदेश लोकसभा चुनाव पूरा होने तक लागू रहेंगे। जिलाधीश के निर्देशों के अनुसार जिला के सभी लाइसेंस हथियार धारकों को संबंधित थानों में हथियार जमा करवाने जरूरी हैं।

जिलाधीश के अनुसार जिला का कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का हथियार लिए पाया जाता है तो उसे आम जनता के लिए खतरनाक मानकर अपराध समझा जाएगा। जिला में कोई भी व्यक्ति आग्नेय अस्त्र, बरछी, भाला, चाकू, लाठी, साईकिल की चेन और किसी भी प्रकार की चीज जो हथियार के रूप में प्रयोग हो सके, को अपने साथ नहीं रख सकता है जिसके लिए दोषी व्यक्ति को धारा 144 के तहत अपराधी मानकर दण्डित किया जा सकता है।

जिलाधीश के निर्देशानुसार इंडियन पैनल कोड 1973 की धारा 144 के तहत चुनाव प्रक्रिया के समय लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह आदेश जारी किए गए हैं और इन आदेशों के अनुसार केवल पुलिस कर्मी और ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों को छूट दी गई है।

# नगर निगम गुरूग्राम द्वारा हॉर्टिकल्चर वेस्ट का नियमित उठान किया जा रहा सुनिश्चित

**कार्यकारी अभियंता सहित सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर करवा रहे वेस्ट उठान**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** पतझड़ के मौसम के चलते निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर उत्पन्न हो रहे हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान नियमित रूप से नगर निगम की बागवानी शाखा द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। बागवानी शाखा के कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता स्वयं विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं तथा मौके पर उपस्थित रहकर कचरा उठान सुनिश्चित करवा रहे हैं।

नगर निगम गुरूग्राम द्वारा हॉर्टिकल्चर वेस्ट उठान के लिए जारी किया गया वाट्सएप हेल्पलाईन नंबर 7290076135 भी लगातार एक्टिव है तथा नागरिक इस पर प्रतिदिन शिकायतें भेज रहे हैं। प्राप्त शिकायतों का समाधान भी निगम टीमों द्वारा तत्परता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। वीरवार को सेक्टर-12ए, सुशांत लोक-1, सेक्टर-15 पार्ट-2, पटेल नगर, सेक्टर-4, सेक्टर-10, सेक्टर-10ए, सेक्टर-39, न्यू कॉलोनी, सेक्टर-5, फ्रैंडस कॉलोनी, सिविल लाईंस सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। टीमों ने सडक़ों के किनारों, पार्कों सहित अंदरूनी सडक़ों पर पड़े हॉर्टिकल्चर वेस्ट को उठाया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा गत दिनों बागवानी शाखा के कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार को कड़े निर्देश दिए थे कि निगम क्षेत्र में इधर-उधर फैले हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान नियमित रूप से किया जाए। पतझड़ का मौसम होने के कारण पेड़ों के पत्ते झड़ रहे हैं और उनमें आग लगने की घटनाएं भी हो रही हैं। निगमायुक्त के निर्देश पर बागवानी शाखा द्वारा एक विशेष अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता स्वयं अलग-अलग क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं तथा मौके पर उपस्थित रहकर कचरा उठान करवा रहे हैं।

निगमायुक्त द्वारा शहरवासियों से भी बार-बार अपील की जा रही है कि वे पत्तों आदि में आग ना लगाएं। अगर कहीं पर हॉर्टिकल्चर वेस्ट पड़ा हुआ है तो उसका उठान करवाने के लिए वाट्सएप हेल्पलाईन नंबर पर शिकायत भेजें। पत्तों में आग लगाने के कारण क्षेत्र में धूंआ फैलता है, जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है। इसके साथ ही इससे निकलने वाली गैसों के कारण आंख व सांस संबंधी बीमारियां होने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति कचरे में आग लगाता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी तथा पर्यावरणीय नियमों के तहत कार्रवाई होगी।

# जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना गंभीरता से की जाए सुनिश्चित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त एवं एमसीसी नोडल अधिकारी डा. बलप्रीत सिंह ने कहा कि जिला में संसदीय चुनावों के चलते लागू आदर्श आचार संहिता की गंभीरता से पालना सुनिश्चित की जाए। इसके तहत शराब वितरण, निर्धारित समय के बाद लाऊड स्पीकर बजाने तथा नकदी आदि के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। अगर कहीं पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत प्राप्त होती है, तो उस पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डा. सिंह ने उक्त निर्देश वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे नाईट पैट्रोलिंग बढ़ाएं तथा जो शराब की दुकानें या गोदाम निर्धारित समय से अधिक खुले रहते हैं, उन पर कार्रवाई करें। इसके साथ ही अवैध शराब, नकदी तथा लाऊड स्पीकर आदि बजाने के मामलों पर भी निगरानी बनाए रखें। अगर कहीं पर आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना होती है, तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित एरियावाईज नोडल अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के लिए टीमों को निर्देश दें तथा स्वयं भी फील्ड में जाएं। इसके साथ ही जिन शराब की दुकानों द्वारा स्वीकृत जगह से ज्यादा कब्जा किया हुआ है, उन पर कार्रवाई की जाए।

बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 16 मार्च को जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हुई थी। पुलिस विभाग व आबकारी विभाग द्वारा 16 मार्च से 17 अप्रैल तक अवैध शराब के मामले में 206 एफआईआर दर्ज की गई हैं तथा 12098 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 277911 रूपए है। उन्होंने बताया कि आबकारी व पुलिस विभाग द्वारा 1 मार्च से 15 मार्च तक अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान भी 25 एफआईआर दर्ज करवाई गई थी तथा 1088 लीटर शराब जब्त की गई थी, जिसकी कीमत 220290 रूपए है।

अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधी शिकायतें सी-विजिल एप के माध्यम से नागरिक करते हैं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करके रिपोर्ट भेजें। उन्होंने डिफेसमैंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई जारी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगने वाले राजनीतिक होर्डिंग, बैनर, स्टिकर, वॉल पेंटिंग आदि पर लगातार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उल्लंघनकर्ताओं पर एफआईआर भी दर्ज करवाएं।

# चुनाव के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों की ट्रेनिंग 25 अप्रैल से : डीसी

**राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में दी जाएगी ट्रेनिंग**

**1270 बूथों के पीठासीन व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी लेंगे मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण**



**समाचार गेट ब्यूरो**


**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को सैक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में 25 से 28 अप्रैल तक रोजाना तीन चरणों में ईवीएम मशीन तथा मतदान प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी जाएगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन विभाग से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर सभी पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसमें महत्वपूर्ण भूमिका गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र कुमार व रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत की रहेगी।

डीसी ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह नौ बजे, दोपहर 12 बजे और तीन बजे पटौदी विधानसभा क्षेत्र, 26 अप्रैल को इसी प्रकार तीन चरणों में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र, 27 अप्रैल को गुरुग्राम एवं 28 अप्रैल को सोहना विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त होने वाले पीठासीन व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 1270 पोलिंग बूथ हैं। इन सभी पोलिंग बूथ के अलावा रिजर्व में रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को यह ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाना एक बड़ी जिम्मेदारी का काम है। इसलिए जिन कर्मचारियों और अधिकारियों की बतौर पीओ और एपीओ की ड्यूटी लगाई गई है, वे मतदान शुरू करवाने से लेकर इसे पूर्ण करवाने तक की प्रक्रिया को ध्यान से समझें। कोई सवाल मन में है तो उसे अवश्य पूछें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन चारों दिन ट्रेनिंग में ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट पेपर यूनिट, वीवीपैट मशीन, अपने बूथ को संभालना, मतदान प्रक्रिया से संबंधित फार्मों को भरना, मतदान किट को ग्रहण करना और सामान वापस जमा करवाना आदि के बारे में विस्तार से समझाया जाएगा।

# नूंह पुलिस ने चोरी की मोटर साईकिल सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** निरीक्षक सतपाल सिंह प्रबंधक थाना शहर नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नल्हड़ रोड़ नूंह से शाहिद पुत्र रमजान निवासी कोटला थाना सदर नूंह को चोरी की मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं । आरोपी के खिलाफ थाना शहर नूंह में सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्यवाही की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में उप-



निरीक्षक प्रदीप प्रबंधक थाना शहर तावडू के नेतृत्व में गठित टीम ने राधे नगर तावडू से लोहे की प्लेट चोरी करने के प्रयास में रुमुद्दीन पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी कांगडाका थाना सदर तावडू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं । आरोपी के कब्जा से 02 लोहे की प्लेट व एक मोटर साईकिल को कब्जा पुलिस में लिया गया । आरोपी के खिलाफ थाना शहर तावडू में सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्यवाही की जा रही हैं।

# एसडीएम ने लिया फसल खरीद प्रबंधों का जायजा

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने आनाज मंडी का दौरा कर सरसों खरीद कार्य का जायजा लिया तथा खरीद अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने टांसपोर्ट से उठान तेजी लाने के आदेश दिए। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने गुरुवार को अनाजमंडी में पहुंच कर किसानों व आढ़तियों से बातचीत की। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जिला उपायुक्त के दिशा निर्देश पर खरीद कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। प्रत्येक आढ़ती किसानों को जागरूक कर सूखा अनाज ही मंगवाएं ताकि खरीद व उठान जल्द हो सके। एसडीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी तिरपाल,बारदाना सहित सभी आवश्यक सामग्री रखना सुनिश्चित करें। मार्केट कमेटी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। मंडी में बिजली-पानी शौचालय व टोकन की उचित व्यवस्था करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों को अनाज बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने टांसपोर्टर से बात कर उठान तेजी लाने के निर्देश दिए।

# लोकसभा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की हुई प्रथम रेंडमाइजेशन

## एनआईसी द्वारा बनाए गए सॉफ्टवेयर अनुरूप की रेंडमाइजेशन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में लोकसभा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की गई। डीसी ने बताया कि यह प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया एनआईसी द्वारा बनाए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई है। इसमें पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। उन्होंने बताया कि अब इन अधिकारियों की जिला प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए जिला में 781 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन पोलिंग स्टेशन के लिए पीठासीन अधिकारी तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। इसके अलावा जिला में रिजर्व स्टाफ भी रखा गया है। डीसी ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार सॉफ्टवेयर के माध्यम से पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई जाती है। इस दौरान कंप्यूटर अपने आप ड्यूटी तय करता है इसमें कोई मानवीय दखल नहीं होता। इस अवसर पर एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव, एसडीएम बावल मनोज कुमार, एसडीएम कोसली उदय सिंह, नगराधीश लोकेश, नायब तहसीलदार पाल्हावास प्रियंका, नायब तहसीलदार डहीना गिरिशा चौधरी, डीआईओ महेश भारद्वाज, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार व नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

